26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 17 सितम्बर, 2026

अंक- 324 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# गंज में गंगा किनारे महिला-पुरुष के शव मिलने से सनसनी

## जलधारा कम होने पर ग्रामीणों ने देखे शव, दोनों शव कई दिन पुराने, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजे



घटनास्थल पर पुलिस व ग्रामीण।

**गंज/बिजनौर (चिंगारी)।** जलालपुर के खादर क्षेत्र में दलित दंपती की मौत की गुत्थी अभी सुलझी भी नहीं थी कि आज सुबह दारानगर गंज क्षेत्र में गंगा किनारे महिला और पुरुष के शव मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों शव अलग-अलग स्थानों पर काफी दूरी पर पड़े मिले। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्रथम दृष्टया दोनों शव कई दिन पुराने बताए जा रहे हैं। पुलिस का अनुमान है कि दोनों शव गंगा की धारा में कहीं बाहर से बहकर यहां पहुंचे होंगे।

जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से दारानगर गंज क्षेत्र में गंगा की जलधारा में उफान बना हुआ था। बृहस्पतिवार सुबह जलस्तर और जलधारा कम होने पर क्षेत्र के कुछ ग्रामीण गंगा की स्थिति देखने के लिए नदी किनारे पहुंचे। इसी दौरान ग्रामीणों की नजर गंगा किनारे अलग-अलग स्थानों पर पड़े एक महिला और एक पुरुष के शवों पर पड़ी। शव देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों के संबंध में जानकारी जुटाई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। पुलिस के अनुसार, दोनों मृतकों की उम्र करीब 40 से 45 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। अभी तक दोनों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक, महिला का शव बुरी तरह गल-सड़ चुका था, जबकि पुरुष का शव भी कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। दोनों शव एक-दूसरे से काफी दूरी पर मिले हैं। ऐसे में पुलिस प्रथम दृष्टया यह मान रही है कि दोनों शव गंगा की धारा के साथ बहकर किसी दूसरे स्थान से यहां पहुंचे होंगे। हालांकि, दोनों की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### पहचान के प्रयास में जुटी पुलिस

पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही उनकी पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। आसपास के थाना क्षेत्रों और संबंधित स्थानों से लापता लोगों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा सकती है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पहचान संबंधी जानकारी मिलने के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।


### सीओ सिटी ने कहा- कई दिन पुराने हैं दोनों शव

सीओ सिटी अभय कुमार पाण्डेय ने बताया कि महिला और पुरुष के शव अलग-अलग स्थानों पर और एक-दूसरे से काफी फासले पर मिले हैं। शवों की स्थिति देखकर दोनों के कई दिन पुराने होने की संभावना है। प्रथम दृष्टया दोनों शव गंगा में कहीं बाहर से बहकर आने की बात सामने आ रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सेमीकॉन इंडिया : भारत पर दुनिया का भरोसा बढ़ा है- पीएम मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारत के सेमीकंडक्टर मिशन को आगे बढ़ाने वाले बड़े आयोजनों में से एक सेमीकॉन इंडिया 2026 का आगाज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के यशोभूमि में इसके पांचवें संस्करण का उद्घाटन किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में दुनिया भर की सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री एक मंच पर जुटी है। इस दौरान पीएम मोदी ने यशोभूमि में युवाओं से भारत के सेमीकंडक्टर मिशन पर संवाद किया। इस कार्यक्रम में 52 देशों से 600 से ज्यादा कंपनियां शामिल हो रही हैं। पीएम मोदी ने कहा अब भारत के प्लांट से चिप निकलकर दुनिया तक पहुंचना शुरू हुआ है। पीएम ने कहा कि इतने कम समय में किसी भी देश के लिए ये करना आसान नहीं है, लेकिन भारत ने यह उपलब्धी हासिल की। मोदी ने इंडस्ट्री लीडर्स को देश की नींव बताया और कहा की आप हमारे पार्टनर हैं।









# शिक्षक के परिजनों ने हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर किया हंगामा

## शिक्षक नौशाद का शव नम आंखों से किया गया सुपुर्दे खाक



नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)। सौपुरी प्राथमिक स्कूल के सहायक अध्यापक नौशाद अहमद की हत्या के मामले में पुलिस के खुलासे के बाद विवाद खड़ा हो गया। बुधवार को नौशाद का शव जैसे ही मंडावली स्थित घर पहुंचा, परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि नजीबाबाद पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा सही तरीके से नहीं किया है। उनका दावा है कि घटना में अन्य लोग भी शामिल हैं, जिन्हें पुलिस बचा रही है। परिजनों ने पुलिस द्वारा बताए गए घटना के कारण को भी गलत बताते हुए कहा कि हत्या की असली वजह कुछ और है। उनका आरोप है कि पुलिस ने मामले के महत्वपूर्ण पहलुओं की जांच किए बिना ही एक व्यक्ति को घटना में शामिल बताकर मामले का खुलासा कर दिया। हंगामा बढ़ने की सूचना पर नजीबाबाद व मंडावली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। नौशाद के परिजनों ने पुलिस के खुलासे पर कई सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि जब तक घटना में शामिल सभी लोगों की भूमिका की जांच नहीं होती, तब तक उन्हें पुलिस की कार्रवाई पर भरोसा नहीं है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस द्वारा जिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया और बाद में जिस आधार पर घटना का खुलासा किया गया, वह तहरीर उन्होंने नहीं दी थी। मृतक की पत्नी व परिजनों के अनुसार, ऋषिकेश स्थित अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान हल्का दरोगा पहुंचे थे। आरोप है कि दरोगा ने मृतक की पत्नी को बताया कि पोस्टमार्टम की औपचारिकताएं पूरी कराने के लिए एक प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर करने जरूरी हैं। इसी बात पर विश्वास करते हुए मृतक की पत्नी ने प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। परिजनों का आरोप है कि बाद में उन्हें जानकारी हुई कि इसी प्रार्थना पत्र को मुकदमे की तहरीर के रूप में इस्तेमाल किया गया है। उनका कहना है कि मुकदमे में शामिल तहरीर उनके द्वारा लिखकर नहीं दी गई थी। परिजनों के मुताबिक, जब उन्होंने मामले में अलग से अपनी तहरीर देने की बात कही तो कथित तौर पर दरोगा ने दूसरी तहरीर लेने से मना कर दिया। उनका कहना है कि यदि उनकी ओर से अलग तथ्य और नाम सामने रखे जा रहे हैं तो उनकी भी जांच होनी चाहिए। मंडावली थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार, एसएसआई योगेंद्र सिंह, एसआई सोनू सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। शिक्षक के परिजनों के हंगामा करने के बाद नजीबाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार व एसआई सौरभ कुमार पुलिस बल के साथ ग्राम राहतपुर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बातचीत कर निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। नजीबाबाद विधायक तसलीम अहमद ने मृतक नौशाद के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देते हुए इस घटना पर दुख जताया। विधायक तसलीम अहमद ने नजीबाबाद थाना प्रभारी से निष्पक्ष रूप से कार्रवाई करने के लिए कहा। मृतक के शव का दफीना मगरिब की नमाज के बाद मंडावली के कब्रिस्तान में किया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने नम आंखों से मृतक शिक्षक नौशाद अहमद को अंतिम विदाई दी। साहनपुर चेयरमैन व आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने भी शिक्षक के घर पहुंचकर इस घटना पर गहरा दुख जताया।



## चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने चंद्रशेखर के साथ अभद्र व्यवहार की निंदा की

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने अपनी टीम के साथ बिजनौर के कलेक्ट्रेट ऑफिस पर आयोजित आजाद समाज पार्टी के धरना प्रदर्शन में भाग लिया। बाराबंकी में आज़ाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चन्द्रशेखर आज़ाद को उनके काफिले रोक कर उनके साथ अभद्र व्यवहार किये जाने के विरोध में आसपा कार्यकर्ताओं ने यह धरना प्रदर्शन किया था। चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म द्वारा इस संबंध में कार्यकर्ताओं के साथ जिला मजिस्टेट को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में चंद्रशेखर आजाद पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी व संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करने, चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा टीम को अपग्रेड करने, गौंडा में विनोद साहनी, रमेश कोरी एवं राम लखन मौर्य की हत्या के मामले में दोषियों एवं संलिप्त पुलिस अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई कराने, लखनऊ इको गार्डन में धरनारत पंचायत सहायकों की मांगों का तत्काल समाधान कराने, 68,500 शिक्षक भर्ती में आरक्षण संबंधी मामले में पिछड़ा वर्ग आयोग के आदेश का तत्काल अनुपालन कराने की मांग की गई तथा सहारनपुर, मुरादाबाद सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर की जा रही कार्रवाई का विरोध किया गया।

## डॉ. राखी ने ग्राम चापर के तालाब के विकास को एसडीएम के साथ किया निरीक्षण



नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम चापर स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ सखी वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. राखी अग्रवाल ने निरीक्षण किया। लगभग एक वर्ष पूर्व शुरू किए गए इस प्रयास के अब सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगे हैं। एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने तालाब क्षेत्र में हुए कार्यों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस पहल की शुरुआत एक वर्ष पूर्व की गई थी, वह अब धीरे-धीरे धरातल पर परिणाम देती दिखाई दे रही है। डॉ. राखी के सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा तालाब के आसपास पौधारोपण भी किया गया था, जिनमें से कई पौधे अब अच्छी तरह विकसित हो रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के साथ इस स्थान को भविष्य में नजीबाबाद के लोगों के लिए एक सुंदर सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयास जारी हैं। डॉ. राखी ने बताया कि पिछले लगभग दो वर्षों से ग्राम छापर के इस तालाब के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अब आवश्यकता है कि यहां तक आने वाले रास्ते को पक्का किया जाए तथा बारात घर में बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इन सुविधाओं के विकसित होने के बाद यह स्थान भविष्य में पिकनिक स्पॉट अथवा लोगों के घूमने-फिरने के लिए एक सुंदर स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने भी इस दिशा में आगे आवश्यक प्रयास किए जाने की बात कही। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि प्रशासन के सहयोग से ग्राम चापर को जल्द ही नजीबाबाद के लिए एक नई और सुंदर सौगात के रूप में विकसित किया जा सकेगा। डॉ. राखी ने कहा कि यह केवल एक तालाब के विकास की बात नहीं है, बल्कि प्रकृति, स्वच्छता व जनसहभागिता से एक ऐसे स्थान को विकसित करने का प्रयास है, जिस पर नजीबाबाद के लोग गर्व कर सकें।

## इंजी. शादाब हैदर दूसरी बार बने युवजन सभा बिजनौर के जिलाध्यक्ष



नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरि ने मिर्ज़ापुर सैद उर्फ़ नया गाँव, तहसील नजीबाबाद निवासी इंजी. शादाब हैदर को जनपद बिजनौर की युवजन सभा का दूसरी बार जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से पूरे जनपद के समाजवादी कार्यकर्ताओं व युवाओं में हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि शादाब हैदर एक जमीनी व संघर्षशील युवा नेता हैं, उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा।





अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है

पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर 246761

मो. 8192801901

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 819280190

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911


सरकारी आवास योजना में
रिश्वतखोरी ( पेज 9 )



# कल से होगी तीन दिवसीय 57वीं क्षेत्रीय रामगंगा क्रीडा प्रतियोगिता

## एचसीएम इंटर कॉलेज में होगा आयोजन

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** 57वीं क्षेत्रीय रामगंगा क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कल शुक्रवार से एचसीएम इंटर कॉलेज कासमपुर गढ़ी के विशाल मैदान में होगा। यह जानकारी देते हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य रमेश चक्रवर्ती ने बताया कि यूपी बोर्ड से संबद्ध क्षेत्र के लगभग 40 से अधिक स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं इस क्रीड़ा प्रतियोगिता में होने वाले भाला फेंक, चक्का फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद, खो-खो आदि अनेक खेलों में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के



एचसीएम इंटर कालेज का फाइल फोटो

आयोजन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, जिसका शुभारंभ कल शुक्रवार प्रात: 8 बजे से होगा, जिसमें शुरू के दो दिन छात्रों एवं तीसरे व अंतिम दिन छात्राओं की क्रीड़ा प्रतियोगिताएं आयोजित होगी।

# किसान पर हमले के बाद पिंजरे के पास भी नहीं फटक रहा गुलदार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** 2 दिन पूर्व अमानगढ़ वन रेंज क्षेत्र के ग्राम मनकंदपुर गढ़ी में गुलदार द्वारा सरदार परमजीत सिंह पर किए गए जबरदस्त हमले के बाद वहां लगाया गया पिंजरा गुलदार के आने की इंतजार कर रहा है, मगर गुलदार पिंजरे में आना तो दूर उसके आसपास भी दिखाई नहीं दे पा रहा है। वन दरोगा रवि कुमार ने बताया कि लगता है शायद गुलदार ने हमले के बाद टेरिटरी बदल दी है और वह संभवत: दूर निकल गया है। हालांकि गुलदार की दहशत से ग्रामीण भयभीत हैं। अमानगढ़ वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने बताया कि घटनास्थल के पास पिंजरा लगा दिया गया था और वनकर्मियों की अलग-अलग टीमें लगातार पेट्रोलिंग कर पर पैनी नजर रखे हुए हैं ताकि गुलदार को रेस्क्यू किया जा सके। उन्होंने लोगो से एहतियात बरतने का आह्वान किया है।

# नगरपालिका लगायेगी डेकोरेटिव लाइटें

धामपुर (चिंगारी)। पिछले दिनों नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड नंबर 4 मोहल्ला मंडी मारकमगंज में रोडवेज बस स्टैंड से जैतरा रेलवे क्रासिंग तक दीवारों और खम्बो पर लाल निशान लगाए जाने से व्यापारियों में हड़कंप मच गया था। व्यापारी इन लाल निशानों को देखकर परेशान थे। उनके मन में आशंका थी कि पता नहीं अब नगर पालिका परिषद द्वारा कौन सा अभियान चलाकर व्यापारियों को परेशान किया जाएगा।

आज इस संबंध में जब नगर पालिका परिषद जलकल विभाग के जेई विपिन



कुमार से चिंगारी ने जानकारी प्राप्त की तो उन्होंने बताया कि नगर पालिका प्रशासन की योजना रोडवेज बस स्टेशन,रेलवे स्टेशन, पंजाबी मार्केट, बांस मंडी होते हुए जैतरा रेलवे क्रासिंग तक डेकोरेटिव फैंसी लाइटे लगाए जाने की है जिसके लिए इन रास्तों पर पोल लगाए जाने वाले स्थान का चिन्हिकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही नगर पालिका प्रशासन द्वारा दोनों साइड में डेकोरेटिव लाइट्स लगाई जाएगी इसके लिए बजट स्वीकृत हो चुका है उन्होंने बताया कि इससे पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा मछली बाजार से इकडा नदी की पुलिया तक डेकोरेटिव हाई मास्क लाइट लगाई गई है।

## सूचना

मेरा पुत्र गुलफाम मेरे कहने में नहीं है।वह गलत संगत में पड़ गया है तथा बेवजह परिवार को तंग व परेशान करता है। इसका व्यवहार भी परिवार के प्रति अच्छा नहीं है। इसलिए मैं (दाऊद पुत्र हामिद) अपने पुत्र गुलफाम को अपनी समस्त चल- अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। आज से मेरा गुलफाम व उसके कृत्यों से किसी भी प्रकार का कोई लेना-देना नहीं है। वह अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। **-दाऊद पुत्र हामिद निवासी दारानगर थाना कोतवाली शहर बिजनौर तहसील व जिला बिजनौर,उ.प्र.**

# विद्युत कटौती से परेशान ग्रामीणों ने धरना दिया

**नीन्दडू ( चिंगारी )।** नीन्दडू में रोज रात्रि में बिजली कटौती के विरोध में राष्ट्रीय किसान यूनियन (तोमर) के नेतृत्व में बुधवार की शाम को धरना दिया, जो देर रात्रि जेई के धरनास्थल पर पहुंचने और चार सूत्री मांगों को मान लेने व समस्याओं के समाधान के आश्वासन पर समाप्त हुआ।

बुधवार की सायं राष्ट्रीय किसान यूनियन (तोमर) के तहसील अध्यक्ष शब्लू प्रधान के नेतृत्व में यूनियन कार्यकर्ता, बिजली उपभोक्ता नीन्दडू बिजली घर पर पहुंचे और बिजली विभाग द्वारा रात्रि के समय बिजली आपूर्ति कटौती के विरोध में नारे लगाते हुए धरने पर बैठ गए। बिजली घर पर मात्र एक कर्मचारी मौजूद पाया गया। धरने पर बैठे किसानों व ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति कटौती पर नाराज़गी जताते हुए अधिकारियों को धरना स्थल पर बुलाने की मांग की। जेई उमेश अग्रवाल पुलिस बल के साथ धरना स्थल पर देर रात ग्रामीणों के बीच पहुंचे और वार्ता कर चार सूत्रीय मांगों का समर्थन करते हुए भविष्य में पुनरावृत्ति न होने देने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। धरने में रियासत अली, वज़ीर कुरैशी, सलीम कुरैशी, नासिर अली, मौ. शबी, कामरान, नजीब, अमन, निसार, यासीन, काशिफ आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।



# तावड़े तोड़ेंगे पूर्वांचल का तिलिस्म, सीएम योगी के गृहक्षेत्र गोरखपुर से शुरू कर रहे 'मिशन-62'



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की बिसात बिछ चुकी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सरकार के साथ मंथन के बाद बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े अब लखनऊ से बाहर निकलकर सूबे के अलग-अलग क्षेत्रों की सियासी नब्ज समझने के लिए प्रवास करेंगे। मिशन-2027 के तहत तावड़े मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गढ़ यानी गोरखपुर से अपना मैराथन दौरा शुरू कर रहे हैं। बीजेपी महासचिव विनोद तावड़े 17 और 18 सितंबर को गोरखपुर में प्रवास करते हुए गोरख क्षेत्र की 62 विधानसभा सीटों की सियासी नब्ज टटोलने के साथ-साथ 2024 के लोकसभा चुनावों में लगे झटकों की भरपाई का जमीनी रोडमैप भी तैयार करेंगे। उत्तर प्रदेश में बीजेपी के लिहाज से पूर्वांचल का गोरखपुर क्षेत्र बीजेपी का सबसे मजबूत दुर्ग माना जाता है। सीएम योगी का गृह जनपद गोरखपुर है और 2022 में बीजेपी इस इलाके की 70 फीसदी सीटें जीतने में सफल रही थी, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का समीकरण गड़बड़ाया है। इसी मद्देनजर विनोद तावड़े अपने मिशन 2027 का आगाज गोरखपुर क्षेत्र से कर रहे हैं। विनोद तावड़े के दौरे की खास बात यह है कि वह एक ही मंच पर संगठन के पदाधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अलग-अलग बैठकों में इन सभी से संवाद करेंगे। वो क्षेत्रीय संगठन की कार्यप्रणाली और जिला स्तर तक संगठन की सक्रियता को अलग-अलग स्तर पर समझने की कवायद करेंगे। विनोद तावड़े पहले दिन सहजनवा विधानसभा क्षेत्र स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय/अटल आवासीय विद्यालय में 'आशीर्वाद का दीया' और मिष्ठान वितरण कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चल रहे सेवा कार्यक्रमों के बीच यह कार्यक्रम संगठन के जनसंपर्क अभियान का हिस्सा होगा। इसके बाद उनका रात्रि विश्राम होगा। दूसरे दिन का कार्यक्रम पूरी तरह संगठनात्मक संवाद पर केंद्रित है। क्षेत्रीय कार्यालय में वे गोरक्ष क्षेत्र में आने वाले 12 जिलों के पदाधिकारियों, समिति सदस्यों, जिलाध्यक्षों, जिला महामंत्रियों और क्षेत्र में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

## सेवा संकल्प अभियानः गांव-गांव पहुंचेगी विकास की कहानियां

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और प्रत्येक नागरिक को 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश का ग्राम्य विकास विभाग 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' संचालित करेगा। अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आए बदलावों को लोगों तक पहुंचाने के साथ ही पात्र ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। केशव प्रसाद मौर्य ने अभियान को प्रभावी एवं परिणामपरक बनाने के लिए राज्य एवं जनपद स्तर के अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिये हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि अभियान के दौरान गांव-गांव तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के साथ ही पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाए तथा ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।




# मंडावली में गणेश चतुर्थी का उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री गणेश चतुर्थी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंडावली में कुएं वाले हनुमान मंदिर में भगवान गणेश व हनुमान जी की मूर्ति को पंचामृत से स्नान करा सुन्दर वस्त्र धारण कराए। इस शुभ अवसर पर मंदिर को फूलों से सजाया गया। पंडित देवेंद्र भारद्वाज ने मुख्य यजमान नरेश कर्णवाल-रमता कर्णवाल सहित सभी श्रद्धालुओं को मंत्रोचारण के साथ हवन यज्ञ कराकर पूजा अर्चना कराई। सभी श्रद्धालुओं ने प्रेम भाव के साथ हवन में आहुतियां प्रदान की। मंदिर परिसर में शाम के समय जगदम्बे म्यूजिकल ग्रुप की ओर से भजन कीर्तन किया। जिसमें कलाकार लवकुश शर्मा व मोनिका वर्मा ने सुन्दर भजनों से सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। छोटे बच्चों ने कई भजनों पर डांस भी किया। भगवान गणेश व हनुमान जी की आरती कर प्रसाद का भोग लगाया। कन्याओं को जिमाकर पवन त्यागी (मुखिया परिवार) की ओर से सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस शुभ अवसर पर नरेंद्र शर्मा-सुमन शर्मा, डॉक्टर चरण सिंह चौधरी-बेबी चौधरी, मोहित कर्णवाल-रूपाली कर्णवाल, चौधरी कर्णवाल सिंह, प्रतीक्षा त्यागी, मयंक शर्मा, संजीव कुमार, लोकेश शर्मा, डॉक्टर ओमप्रकाश शर्मा, मास्टर नरेश त्यागी, महेश चंद शर्मा, सतीश शर्मा, देवेंद्र शर्मा,



संजीव प्रजापति, राजीव शर्मा, रोहित कुमार, भूपेंद्र चैहान, अनिल कर्णवाल, अमित कर्णवाल, नवीन कर्णवाल, राधा कर्णवाल, सीमा कर्णवाल, गीता कर्णवाल, सुनीता कर्णवाल, मिथलेश कर्णवाल, प्रियंका चौहान, नेहा चौहान, नीलम कर्णवाल, रेनू तोमर, माया देवी, पूनम कर्णवाल, वीरवती, बेबी कर्णवाल, सुमन चौहान, अनुराग शर्मा, अभिषेक शर्मा, अर्जुन चौहान, ओमप्रकाश चैहान, मुकेश कर्णवाल, आदित्य कर्णवाल, तरंग कर्णवाल आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नगर के चौक बाजार में विराजमान हुए श्री गणेश

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर में होली हवन कल्याण समिति चौक बाजार की ओर से श्री चौथ महोत्सव का आयोजन किया गया। 12 वें महोत्सव के दूसरे दिन मुख्य यजमान अंकित चौधरी का परिवार रहा। पंडित चेतन शर्मा ने भगवान गणपति की विशेष पूजा अर्चना कराई। पूजन में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश की आराधना कर जीवन में सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। आयोजक राजीव ग्रोवर, अरूण कुमार शर्मा काके व दीपक शर्मा ने बताया कि चैक बाजार में पिछले 11 सालों से श्री गणेश चौथ महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस साल यह 12 वां महोत्सव है, जिसमें सुबह-शाम गणपति की आराधना कर प्रसाद वितरित किया जाता है। पहले दिन से ही आरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। वहीं समिति के सदस्यों ने भी अन्य श्रद्धालुओं से महोत्सव में पहुंचकर धर्मलाभ कमाने की अपील की है। इस मौके पर अंकित चैधरी, अंकित वर्मा, राजन टंडन गोल्डी, श्रीकांत पाटिल, अनुज अग्रवाल, अनुज कौशिक, मयंक शर्मा, महेन्द्र वर्मा, अजय वर्मा, निखिल शर्मा, लक्ष्य शर्मा, उमंग, प्रियांशु, पीयूष आदि का विशेष सहयोग चल रहा है। कार्यक्रम की लाइव वीडियों अनुज कौशिक स्टूडियों के द्वारा फेसबुक पर दिखाई जा रही है।






# मस्जिदों पर कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफः खुर्शीद मंसूरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। बिजनौर कलेक्ट्रेट पर आजाद समाज पार्टी के धरना-प्रदर्शन में साहनपुर चेयरमैन एवं नजीबाबाद विधानसभा से भावी प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी भी समर्थकों के साथ प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की नीतियों व विभिन्न मुद्दों को लेकर अपनी बात रखी। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि मस्जिदों को लेकर लगातार हो रही सरकारी कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म व धार्मिक आस्था का पालन करने की स्वतंत्रता देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान हटाकर हिंदू-मुस्लिम राजनीति को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि छात्र लगातार अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं। बड़ी संख्या में युवा रोजगार के लिए परेशान हैं। विकास के मुद्दों पर भी सरकार को जवाब देना चाहिए। उनके अनुसार जनता का ध्यान इन समस्याओं से हटाने के लिए राजनीतिक मुद्दों को दूसरी दिशा में ले जाया जा रहा है। उन्होंने हाल में गोंडा के विनोद साहनी हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिलने जाते समय चंद्रशेखर आजाद के साथ अशोभनीय व्यवहार करने का विरोध करते हुए उनकी सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। धरना-प्रदर्शन के दौरान आसपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जन मुद्दों को लेकर आवाज उठाते हुए प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा।



# सत्यधाम धर्मशाला के चुनाव में दो पक्ष आये आमने-सामने

## ✦एक पक्ष ने पद की शपथ ली ✦दूसरे ने की चुनाव निरस्त करने की मांग

**धामपुर (चिंगारी)।** टीचर्स कॉलोनी स्थित सत्यधाम धर्मशाला की प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। एक पक्ष ने जहां कार्यकारिणी का गठन करके शपथ ग्रहण कर ली है, वहीं दूसरे पक्ष ने उप जिलाधिकारी धामपुर व चिटफंड सोसायटी के रजिस्ट्रार को ज्ञापन देकर चुनाव की वैधानिकता पर सवाल खड़े किए हैं।



शपथ ग्रहण करते हुए प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

टीचर्स कॉलोनी स्थित सत्य धाम धर्मशाला में हुएं कार्यकारिणी के चुनाव में सभी पदाधिकारी एवं सदस्य निर्विरोध चुने गए, जिनमें अध्यक्ष पद पर संजय रस्तोगी, उपाध्यक्ष धर्मेश कुमार, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता नंदा, सचिव राजवीर सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. आरके चौहान, उप सचिव नरेश कुमार, संगठन सचिव सतपाल सिंह, ऑडिटर देवेंद्र सिंह, कार्यकारिणी सदस्य रघुराज सिंह, रोहतास सिंह, दिनेश कुमार सिसोदिया, नीरज कुमार बिंदल, डॉ. एके सक्सेना, अजय कुमार, राकेश कुमार रस्तौगी, डॉक्टर भूदेव सिंह, राजपाल सिंह, असित कुमार, डॉक्टर शिल्पी चौहान चुने गए। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समिति के संरक्षक दयाराम एवं गजराज सिंह ने शपथ ग्रहण कराई। चुनाव अधिकारी नरेश कुमार एवं पर्यवेक्षक सतपाल सिंह की चुनाव को संपन्न कराने के लिए प्रशंसा की गई। कार्यकारिणी का समय दो वर्ष का है जो 16 सितम्बर 2028 तक होगा।

दूसरी ओर सत्यधाम धर्मशाला के आधा दर्जन से अधिक सदस्यों ने सहायक रजिस्ट्रार फार्म सोसाइटी उ.प्र. क्षेत्रीय कार्यालय मुरादाबाद और उप जिला अधिकारी धामपुर को ज्ञापन देकर सत्यधाम धर्मशाला के दो वर्षीय चुनाव के निरस्तीकरण की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि सार्वजनिक उपयोग हेतु सहयोग राशि एकत्रित करके बनाई गई श्री सत्यधाम धर्मशाला कमेटी द्वारा वर्तमान में मनमाने ढंग से केवल कागजी कार्यवाही पूर्ण करते हुए इस वर्ष चुनाव सम्पन्न करा लिया गया है, जिसकी सूचना गत वर्षों से चले आ रहे अधिकांश सदस्यों को नहीं दी गयी है, तथा न ही चुनाव कार्यक्रम की सूची धर्मशाला के सूचना पट्ट पर चस्पा की गयी और न ही किसी समाचार पत्र में प्रकाशित की गयी और न ही कॉलोनी में मुनादी की गयी है। ज्ञापन में कहा गया है कि मनमाने ढंग से केवल खाना पूर्ति कर कराये गये चुनाव की जांच कर इसे तत्काल निरस्त किया जाये। साथ ही प्रकरण की जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाएं।

सदस्यों का आरोप है कि गत वर्षों में इन्होंने कुछ नये सदस्य बनाये थे जिनकी रसीद काटी गयी, किन्तु उन्हें भी इस चुनाव में सम्मिलित नहीं किया गया है जो वैधानिक नहीं है। ज्ञापन देने वालों में स्थानीय टीचर्स कॉलोनीवासी कमल कुमार, कपिल कुमार, शत्रुघ्न कुमार, हेमन्त चौहान, मुकेश रावत, गौरव सिंह चौहान, तरुण चौहान, मयंक गुप्ता आदि शामिल है।

## बसपा नेता मेहताब होटल वालों का इंतकाल

**धामपुर (चिंगारी)।** बसपा के पूर्व वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी 85 वर्षीय मेहताब होटल वाले अब नहीं रहे। करीब 5 दिन से वे अस्वस्थ चल रहे थे। कल बुधवार की दोपहर उनका इंतकाल हो गया। उनके निधन पर नगर में शोक की लहर दौड़ गई। वह समाज सेवा के साथ गरीबों के सुख-दुख में हर समय साथ खड़े रहते थे। उनके जनाजे की नमाज मोहल्ला पहाड़ी दरवाजे की जामा मस्जिद में अस्र की नमाज के बाद अदा की गई। उसके बाद उनके शव को पहाड़ी दरवाजा स्थित गोरे गरिबां कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। उनके जनाजे में नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान के सुपुत्र ठाकुर अमित प्रताप सिंह,



फाइल फोटो मेहताब

पूर्व नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी नसीम राणा, अरमान अली, विमल जोशी, सभासद मेहताब अहमद, सभासद जौन्टी सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन, इरफान मंसूरी, मास्टर इस्माइल मंसूरी, मास्टर अतीक आजाद, लाखन सिंह, आरिफ भाई चूड़ी वाले, फैज बारी, मोहम्मद असलम अंसारी, पत्रकार जुल्फिकार मंसूरी, हाजी अब्दुल कलाम अंसारी, वार्ड सभासद शादाब मंसूरी, सपा नेता नासिर अंसारी, फरीद उर्फ डोन, आदिल अली, मौलाना असलम, कारी इकराम, अब्दुल बारी, मंसूर अहमद, वसी उर रहमान, डॉ. अजहर अंसारी, फेज बारी, अफजाल मंसूरी, डॉ. एमएच बारी, डॉ. आसिफ आदि शामिल मौजूद रहे।

## शिशु मंदिर में हुईं खेलकूद प्रतियोगिताएं

**धामपुर (चिंगारी)।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में विभागीय स्तर की एथलेटिक्स एवं दलीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्या भारती के अंतर्गत चलने वाले जिला बिजनौर के समस्त सरस्वती शिशु मन्दिरों के भैया बहनों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। मां शारदा की वंदना के पश्चात अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि मुरादाबाद संभाग के निरीक्षक देवेश कुमार एवं डॉ. शंकर लाल शर्मा, विशिष्ट अतिथियों में शीशपाल हल्दौर, प्रवीण सिंह तोमर नजीबाबाद, कमल कुमार फीना, मदन सिंह चांदपुर, सुधीर भारद्वाज नूरपुर आदि रहे।





विजेताओं को सम्मानित करते हुए विद्यालय के शिक्षक।

इस अवसर पर खूब सिंह, यशवीर सिंह चांदपुर, सुमन नगीना, अजय नजीबाबाद, विपिन, कोमल, रितिक, छतर सिंह नूरपुर, प्रभा वर्मा तथा कल्याणी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 135 प्रतिभागी भैया बहनों तथा 16 विभिन्न स्थानों से आए आचार्य बंधुओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर, नूरपुर ने प्रथम, पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर धामपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेश कुमार ने बताया कि प्रांतीय प्रतियोगिताओं में वही भैया बहन प्रतिभाग करेंगे जो अपने विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त कर सकें है। अंत में प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## 'उत्तम क्षमा' से प्रारंभ हुआ जैन धर्म का 'दश लक्षण पर्व'

**धामपुर (चिंगारी)।** जैन धर्मालंबियों का पावन दशलक्षण पर्व आरंभ होने पर मंदिर जी में पूजा अर्चना की गई। दिगंबर परंपरा में दशलक्षण पर्व के दौरान उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य की आराधना की जाती है। उत्तम क्षमा में क्रोध का त्याग करना मुख्य भाव है। मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री शांति नाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में सुबह ध्वजारोहण कर मंदिर जी में नित्य नियम से भगवान का अभिषेक व पूजा की गई। उसके पश्चात दशलक्षण विधान, उदित राज म्यूजिकल ग्रुप, धामपुर व मध्य प्रदेश से पधारे शास्त्री जी द्वारा प्रारंभ किया गया। शास्त्री जी द्वारा प्रवचन, प्रश्न मंच व सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए, जिसमें पंकज जैन, ऋषभ जैन, सुधाकर जैन, अनिल जैन, विकास जैन, अवधेश जैन, नमन जैन, अभिषेक जैन, प्रगति जैन, पारुल जैन, चारु जैन, सीमा जैन, गीता जैन, आरती जैन, पूजा जैन, अंकिता जैन, रेखा जैन, ममता जैन ने भाग लिया।



## पत्रकार सतीश शर्मा को किया सम्मानित

**धामपुर (चिंगारी)।** चिंगारी। धामपुर प्रेस क्लब पंजीकृत के नवनियुक्त अध्यक्ष सतीश शर्मा का बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण और एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



लोक निर्माण विभाग में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान जिला प्रवक्ता चौधरी राजेंद्र सिंह ने सतीश शर्मा को संगठन की ओर से ऐतिहासिक सौरम शोरो चौपाल का चित्र भेंट किया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के प्रधान इंद्रवीर सिंह, अमित चौधरी, हरि राज सिंह जाट आदि ने सतीश शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन किए जाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर हरिराज सिंह, जगदीश सिंह, ग्राम प्रधान गजपुरा इंद्रवीर सिंह, अमित कुमार, आशु चौधरी, तारा सिंह, विमल कुमार, यासिर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन हरिराज सिंह ने किया।

# बिजनौर की बेटी नंदिनी माथुर ने किया नाम रोशन

## रूस में आयोजित वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल में कर रही हैं भारत का प्रतिनिधित्व



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर के प्रगतिशील युवा उद्यमी सौरभ माथुर की बेटी नंदिनी माथुर ने रूस में आयोजित वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व कर बिजनौर को गौरवान्वित किया है। नंदिनी इंटरनेशनल रिलेशंस एवं लॉ की छात्रा हैं और युवा नेतृत्व एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। उन्होंने अब तक अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ जुड़कर विभिन्न सामाजिक एवं युवा केंद्रित पहलों में योगदान दिया है।

नंदिनी एक सोशल वर्कर के रूप में भी सक्रिय हैं और जमीनी स्तर पर सामाजिक विकास से जुड़े कार्यों में भागीदारी करती रही हैं। बिजनौर में भी उन्होंने विभिन्न सरकारी परियोजनाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनका प्रयास युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ने और समुदाय के स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में रहा है।

नंदिनी के सामाजिक एवं युवा नेतृत्व में किये गये कार्यों को देखते हुए जनवरी 2026 में नेशनल यूथ आइकॉन के सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उनके लिये युवा नेतृत्व एवं सामाजिक क्षेत्र में उनकी सक्रियता की एक महत्वपूर्ण पहचान बना। इस वर्ष नंदिनी का चयन रूस के एकातेरिनबर्ग शहर में आयोजित इंटरनेशनल यूथ फेस्टिवल 2026 के लिये हुआ। बता दें कि 191 देशों से प्राप्त 11300 आवेदनों में से चयनित होकर नंदिनी को इस अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला।




# महाविद्यालय में हुआ गरिमामय विदाई समारोह



**चंदक ( चिंगारी )। रामपाल सिंह महाविद्यालय, चंदक में स्नातक एवं परास्नातक की शिक्षा पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भावपूर्ण एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती इंदिरा सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष बिजनौर, महाविद्यालय प्रबंध समिति की सदस्य श्रीमती ज्योति ढाका, डॉ. शिवानी सिंह व महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. रूबी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। समारोह में विद्यार्थियों ने अपने महाविद्यालयी अनुभवों को साझा करते हुए शिक्षकों एवं महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मनोरंजक गतिविधियों एवं भावपूर्ण संबोधनों ने समारोह को यादगार बना दिया। विद्यार्थियों ने बहुत ही खूबसूरत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मिस फेयरवैल का अवार्ड माही शर्मा, मिस वेलड्रेस्ड का अवार्ड अंजलि व मिस आइडियल का अवार्ड अंशु पाल को मिला। मिस्टर फेयरवैल वंश व शाहरुख संयुक्त रूप से चुने गए। म्यूजिक चेयर गेम की विजेता रिया चौधरी रही।

मुख्य अतिथि श्रीमती इंदिरा सिंह ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाविद्यालय से प्राप्त शिक्षा, संस्कार एवं अनुशासन जीवन की प्रत्येक चुनौती का सामना करने में उनका मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन छात्र कुनाल व छात्रा तनु द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. नीलम शर्मा, डॉ. रेनू राजपूत, मोनिका सैनी, आयुषी चौधरी, आकांक्षा, निधि, दीपक कुमार, गौरव राठी, ऋषभ राठी, मनोज कुमार आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# लोकप्रिय इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने शूटिंग प्रतियोगिता में जीते पदक




**चांदपुर ( चिंगारी )।** लोकप्रिय इण्टर कॉलेज केलनपुर के चार छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालयीय शूटिंग प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर जिलाधिकारी, जसजीत कौर ने चारों खिलाड़ियों हर्षी यादव (स्वर्ण पदक), पार्थ तोमर (रजत पदक), वंशिका (कांस्य पदक) तथा अर्पित कुमार (कांस्य पदक) को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों, विद्यालय के प्रधानाचार्य हरवीर सिंह तोमर, शूटिंग कोच आकाश कुमार को बधाई दी।

# देशी हल की पूजा कर श्री बलराम की जयंती मनाई



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** किसान संघ ने भगवान बलराम की जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी तथा 25 सितंबर को जिला मुख्यालय पर होने वाले शक्ति प्रदर्शन में अधिकाधिक ट्रैक्टर ले जाने का आह्वान किया गया। ग्राम समिति सौफतपुर में विकास खंड प्रचार प्रमुख तिपेन्द्र कुमार के निवास स्थान पर कार्यक्रम हुआ। पंडित वीरेन्द्र कुमार शर्मा ने देशी हल का पूजन कराया। हल पर हल्दी, चावल, रोली का तिलक लगाकर पुष्प और जल अर्पित किया गया। वक्ताओं ने भगवान श्रीकृष्ण एवं उनके बड़े भाई भगवान बलराम के जीवन-चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके और किसानों के प्रगाढ़ सम्बन्ध को समझाया। जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि 25 सितंबर को जिला मुख्यालय पर किसान विशाल ट्रैक्टर रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे। विकास खंड अध्यक्ष सरजीत सिंह ने 2027 में चलने वाले सदस्यता अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा किसानों को किसान संघ से जोड़ने का आह्वान किया। विकास खंड मंत्री अनुज कुमार ने केन्द्र सरकार से किसान सम्मान निधि की वार्षिक राशि को 6,000 रूपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये किये जाने की मांग की। जिला गन्ना आयाम प्रमुख डालचंद सिंह ने कहा कि चीनी मिलें अक्टूबर के पहले सप्ताह में चालू हों और मिलें चालू होने से पहले गन्ना मूल्य 600 रूपये प्रति कुंतल घोषित किया जाये। ग्राम समिति अध्यक्ष गजे सिंह, चौधरी रामेन्द्र सिंह, यशवंत सिंह, सौबहार सिंह, राजेश कुमार, गंगाराम, विजय सिंह, डा.नीटू चौधरी, उदयवीर सिंह, इसरार अहमद, लियाकत, हाशिम, जितेन्द्र सिंह, अभिषेक राणा, वंश राणा आदि उपस्थित रहे।

भली लगे या बुरी ...

## बोली-बानी को बचायें!

भारतीय ज्ञान परंपरा में किस्सागोई को बेहतरीन स्थान मिलता रहा है, लेकिन हमने टेक्नोलॉजी के साथ होड़ में अपनी इस विधा को कुछ मंचों तक सीमित कर दिया और वह भी कुछ लोगों तक। क्या ऐसा नहीं हो सकता कि स्कूल-कालेजों में अपने इलाके की बोली-बानी में किस्सों को कहने वाले बुजुर्गों को आमंत्रित किया जाए और उनकी किस्सागोई से विद्यार्थियों को जोड़ा जाए? विद्यार्थियों को अपने गांव-परिवार-इलाके की संस्कृति से जुड़ी जानकारियों को अपनी स्थानीय बोली में सुनाने को प्रेरित किया जाए। इसमें ध्यान रखना होगा कि शब्दों और उनसे जुड़ी ध्वनियों तथा सांस्कृतिक आभाओं से विद्यार्थियों को कुछ इस तरह परिचित कराया जाए कि वे रोजमर्रा की बातचीत में उनके प्रयोग से हिचकिचाएं नहीं, बल्कि दूसरों तक उसे संप्रेषित भी करें। गौर कीजिए, जिन जगहों की अपनी बोली-बानी लुप्त हो गई, वहां का पारंपरिक ज्ञान प्रसार भी कमजोर हुआ है। इसलिए, समय आ गया है कि हम टेक्नोलॉजी का सही ढंग से प्रयोग करते हुए अपनी बोली-बानी को बचाने का प्रयास करें। बोलियों की विविधता से भाषा और समृद्ध होती है। हम कहीं भी जाये, बोलियों के रूप में भाषा की यह मिठास हर हाल में कायम रहनी चाहिये। भोजपुरी के साथ भी ऐसा ही है। भले ही वह सूरीनाम/ट्रिनीडाड में आज भी बोली-समझी जा रही हो, पूर्वी उत्तर प्रदेश/बिहार के लोगों के देश के दूरदराज क्षेत्रों में पहुंचने से भी उसका अभूतपूर्व विकास और विस्तार हुआ है। खासकर लोकप्रिय भोजपुरी फिल्मी गीतों आदि के माध्यम से भी उसकी आत्मा हिन्दी से ही स्पंदित होती है, होती रहेगी। कुछ लोग यह भी मानते हैं कि कुछ भोजपुरी गीतों में अश्लीलता की प्रचुरता के चलते उसकी कथित लोकप्रियता बढ़ी है, परन्तु यह उचित नहीं है। विभिन्न भाषाओं और उनकी बोलियों में अश्लीलता के कुछ न कुछ अंश मिल जाते हैं, परन्तु यह स्थिति सम्पूर्ण सम्बन्धित भाषा विकास का पर्याय नहीं बन सकती। ऐसी स्थितियां कई बार सिर्फ सम्बन्धित पिछड़े सामाजिक विकास को भी दर्शाती हैं और वह किसी भी गंभीर चर्चा का मूल आधार नहीं बन सकती। ऐसे में भाषा और उसकी बोलियों के प्रति हमारी सोच स्पष्ट होनी चाहिए और उनका सम्मान अलगाव में नहीं एकजुटता में ही सम्भव है।

## सम्पूर्ण शिल्पकारों के जनक
# भगवान विश्वकर्मा

जगत गुरू की महान महिमा मण्डित स्वर्णादयि गरिमा से आर्यवर्त की ऋषिभूमि अनादिकाल में संसार की सिरमोर रही है। यही भूमि है जहां मानव सभ्यता का उदय हुआ, चिर मानव कल्याण की भावना का उदय हुआ।

आज 17 सितम्बर को आदि शिल्पाचार्य भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर उनके विश्व कल्याणकारी कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है। वास्तव में वे ही हमारे आर्यपूर्वज थे। उनको देवपद प्राप्त था, जो समस्त संसार की शिल्पकलाओं की रचना करता है, वही विश्वकर्मा हैं। उसको ही विराट विश्वकर्मा कहते हैं। इनके पांच पुत्र थे- जिनके नाम मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और विश्वज्ञ थे। जो अपनी-अपनी कलाओं में निपुण थे। इन सभी को वेदों का ज्ञान था। मनु-ऋग्विद के कर्ता लोहकार थे। मय यजुर्वेद के कर्ता रथकार (काष्ठकार) थे। त्वष्टा सामवेद के कर्ता ताम्रकार थे। शिल्पी अर्थवेद के कर्ता स्थापत्य कला के जन्मदाता थे। और विश्वज्ञ प्रणवेद के कर्ता स्वर्णकार थे। इसी तरह इनको विभिन्न कलाओं के आविष्कार के रूप में जाना जाता है।

सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा ने मानव को सभ्य और सुसंस्कृत बनाने के लिए भवन-निर्माण, नगर निर्माण आदि कलाओं का आविष्कार किया। मूर्ति कला, पुल निर्माण, किलों का निर्माण आयुद्ध बनाना, प्रतिमा, नगर, कुआं, बावड़ी आदि के साथ-साथ धातुओं से विभिन्न प्रकार की उपयोगी वस्तुओं के निर्माण का आविष्कार किया।

महाभारत काल और रामायण काल के साहित्य को अध्ययन करने से इस बात का पता चल जाता है। विश्वकर्मा जाति के आचार्यों को राजदरबार में उच्च कोटि का सम्मान भी दिया जाता था और राजदरबार में उनकी स्तुति की जाती थी तथा विभिन्न प्रकार के अंलकारों के माध्यम से उनको आदर सम्मान दिया जाता था। स्वर्णमयी लंका का निर्माण, राम की सेना के लंका जाने के लिए पुल का निर्माण विश्वकर्मावंशीय ब्राह्मणों द्वारा ही किया गया।



राम के पुष्पक विमान का निर्माण भी विश्वकर्मा जी के वंशजों द्वारा ही किया गया। साथ ही महाभारत काल के साहित्य के अध्ययन से पता चलता है कि द्वारिकापुरी नगरी को भगवान कृष्ण की राजधानी का निर्माण भी विश्वकर्मा जी ने ही किया। इसे इन्द्र की अलकापुरी से भी अधिक सुंदर और आकर्षक बनाया। हमारे व्याकरण ग्रंथों, महाभारत तथा धार्मिक ग्रंथों में विश्वकर्मा जी की स्तुति की गई है।


इस प्रकार हम आज विश्व में औद्योगिक कलाओं, शिल्पकलाओं, ललित कलाओं तथा नवीन वैज्ञानिक आविष्कारों को हम देखते हैं वो सभी विश्वकर्मा जी की देन है।

**आज 17 सितम्बर विश्वकर्मा जयंती पर सभी औद्योगिक कारखानों, प्रतिष्ठानों, इंजीनियरिंग कॉलेजों सहित अनेक जगह पर हवन-पूजन किया जाता है और उनकी पूजा-अर्चना भी की जाती है। उनकी शोभायात्रा में सभी समाज के गणमान्य व्यक्ति भी भाग लेते हैं।**

**महेन्द्र कुमार शर्मा, हल्दौर**

### एक चुप, सौ सुख
## स्मृतियों का अंतिम संस्कार

आवास-विकास कॉलोनी में नालियां बनाने के नाम पर पेड़ कट रहे हैं। अभी नालियां बनने के नाम पर कट रहे, कुछ दिनों के बाद सड़क बनने के नाम पर कटेंगे। विकास के नाम पर प्रकृति से यह ज़ोर-ज़बरदस्ती किसलिए! क्या इन पेड़ों के कटने के बाद इनके स्थान पर नये पेड़-पौधे लगाए जाएंगे ताकि संतुलन बना रहे!



चौधरी साहब एकदम भाव शून्य बैठे थे, मानो दम सा निकला जा रहा हो। ये पौधे उनकी बहू ने लगाए थे, वह इस घर में नई-नई आई थी। आते ही पहले दिन से चौका संभाल लिया था। चार दिनों बाद ही चूड़ियों भरे हाथ में खुरपा लेकर लंबा घूंघट काढ़े जब उसने घर के बाहर अपनी दीवार के साथ पौधे लगाने शुरू किये तो आसपास से गुज़रते लोग ठिठक गए थे। आज बहू नहीं है। कुछ साल पहले एक बीमारी में उसकी असामयिक मृत्यु हो गयी थी, पर चौधरी साहब को लगता था कि वह इन पेड़ों के माध्यम से जीवित है।

जब मशीन चलाई गई तो डरे हुए पेड़ों की दर्द भरी चीखें सारे आवास-विकास में गूंजी थी। चौधरी साहब बहुत देर तक कटे हुए पेड़ों के सामने ज़िन्दा लाश सी बनकर बैठे थे। उन कटते पेड़ों के साथ ही आज बहू का अंतिम संस्कार भी हो गया था। विकास की इन आंधियों में निवासियों की स्मृतियों को भी मलबे में बदलते देर नहीं लगी। चुप ही हैं, अब क्या कहें!

**जितेन्द्र जीतू**

# सुख-शान्ति का आधार प्रेम और प्यार

ढाई अक्षर का प्रेम एक ऐसा शब्द है जिसे यदि हम समाज अथवा घर-परिवार में सुख-शांति का आधार कहें तो कुछ गलत नहीं होगा। प्रत्येक व्यक्ति दूसरे से प्यार-प्रेम प्राप्त करना चाहता है। समाज, घर-परिवार अथवा मित्र-मण्डली हो प्रत्येक क्षेत्र में व्यक्ति दूसरों से प्यार पाने का इच्छुक रहता है। लेकिन वह यह नहीं सोचता कि दूसरों से प्यार तभी प्राप्त होता है, जब वह स्वयं भी दूसरों से वैसा ही व्यवहार करे, जैसा वह दूसरों से अपने लिए चाहता है। यदि आप उनसे प्रेम नहीं करेंगे, तो दूसरे लोग आपसे प्रेम क्यों करेंगे। यदि आप समाज, घर-परिवार अथवा मित्र मंडली में स्वयं को अन्यों से श्रेष्ठ समझेंगे, तो दूसरे आपको प्रेम क्यों करेंगे? परिवार में यदि आप अपनी पत्नी से प्रेम नहीं करेंगे, तो वह घर का काम-काज तो करेगी, लेकिन वह आपसे मन से प्यार नहीं करेगी। यही बात भाई-बहन पर भी लागू होती है। परिवार में यदि पिता-पुत्र, पति-पत्नी, भाई-बहन जरा-जरा सी बात पर आपस में झगड़ा करेंगे, तो उस परिवार में प्रेम-प्यार, सुख-शान्ति का कोई स्थान नहीं रहता। प्रेम-प्यार को यदि एक अच्छी भावना कहें तो कोई गलत नहीं होगा। पारस्परिक प्रेम के अभाव में कोई भी जन समूह सुखी नहीं रह सकता। प्रेम के अभाव में परिवार में रात-दिन झगड़ा, मार-पीट देखने को मिलती है। जिस परिवार में सभी सदस्य मिल-जुलकर प्रेमपूर्वक रहते हैं, वहां सुख-शान्ति का वास रहता है। यदि कोई किसी व्यक्ति को प्यार नहीं करता, तो उसे इसका कारण सोचना चाहिये। याद रखें, प्यार, मांगने से नहीं प्राप्त होता। प्यार तो प्यार के बदले में ही मिलता है। जब आप दूसरों से प्यार करेंगे, तो दूसरे भी आपसे प्यार करेंगे। स्मरण रहे कि यह पूरी दुनिया प्रेम-प्यार पर ही टिकी हुई है। जब भी इस दुनिया से प्रेम प्यार समाप्त हो जायेगा, तभी यह दुनिया भी नष्ट हो जायेगी। इसलिए आइये, अपने मन में सभी के प्रति प्रेम-प्यार की भावना को जगायें। परिवार के समस्त छोटे-बड़े सदस्यों, अपने समस्त मित्रों तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति के साथ प्रेम का व्यवहार करें और बदले में उनसे प्रेम-प्यार पायें।



**-सुरेन्द्र कुमार कपूर**
कपूर कोल डिपो, नई बस्ती, बिजनौर

# सरकारी आवास योजना में रिश्वतखोरी

## पावटी के ग्राम सचिव पर पांच-पांच हजार रुपये ऐंठने का आरोप

**पैजनिया ( चिंगारी )।** सरकार भले ही गरीबों को छत मुहैया कराने के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हो, लेकिन व्यवस्था में सेंध लगाए भ्रष्टाचार रूपी दीमक पात्रों के हक पर डाका डाल रहे हैं। नया मामला हल्दौर ब्लॉक के ग्राम पंचायत पावटी का है, जहां सरकारी मकान बनवाने के नाम पर ग्राम सचिव पर रिश्वत लेने और विरोध करने पर अभद्र व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगा है।

गांव पावटी निवासी ओमप्रकाश, कविता, और रणवीर ने ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर बीडीओ (खंड विकास अधिकारी) और एडीओ (सहायक विकास अधिकारी) को लिखित शिकायत की है। आरोप है कि ग्राम सचिव अभिषेक ने प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत सरकारी मकान दिलवाने के नाम पर उनसे पांच-पांच हजार रुपये की वसूली की। लाभार्थियों का कहना है कि रिश्वत देने के बावजूद जब काफी समय बीत जाने पर भी उनका मकान स्वीकृत नहीं हुआ, तो उन्होंने ग्राम सचिव से अपने रुपये वापस मांगे। इस पर ग्राम सचिव आपा खो बैठे और पीड़ितों के साथ जमकर अभद्र व्यवहार किया व जान-माल की धमकी दी।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई- एडीओ

**मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीओ ने शिकायत स्वीकार करते हुए निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। अधिकारियों का कहना है कि दोनों पक्षों को सामने बुलाकर पूरे मामले की गहनता से जांच की जाएगी और साक्ष्यों के आधार पर सख्त कानूनी व विभागीय कार्रवाई की जाएगी।**

## त्रिपुरारी शरण की 130वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बुधवार को स्वर्गीय त्रिपुरारी शरण श्रीवास्तव की 130वीं जयंती के अवसर पर जैन धर्मशाला, बिजनौर में पेंशनर्स समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें श्री त्रिपुरारी शरण जी के जीवन एवं उनके द्वारा कराए हुए कार्यों की सराहना की गई। श्री ओमप्रकाश शर्मा द्वारा अध्यक्षता की गई तथा संचालन श्री राजेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। मीटिंग में श्री त्रिपुरारी शरण के जीवन पर प्रकाश डाला गया तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई। श्री रामनाथ शर्मा द्वारा कविता पाठ किया गया। श्री राजेंद्र सिंह महामंत्री द्वारा श्री त्रिपुरारी जी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा श्री ओमप्रकाश शर्मा अध्यक्ष द्वारा समस्याओं का निराकरण किया गया। मीटिंग में यशपाल सिंह, सूरजभान सिंह राही, शिवम शर्मा, रामनाथ शर्मा, एसपी रस्तोगी, दिनेश कुमार शर्मा, सुरेश कुमार, विनोद शरण खन्ना, राजवर्धन भटनागर, जेपी शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, देवेश कुमार गुप्ता, अशोक कुमार शर्मा, राजेंद्र कुमार, सुनील कुमार, ऋषिपाल सिंह, शिव सिंह रावत, राकेश कुमार, आनंद मोहन शर्मा, घसीटा सिंह, जागेश धीमान, रामअवतार सिंह, रमेश कुमार, मेघराज सिंह, गिरधारी शरण खन्ना, शीलचंद जैन, छोटे सिंह, मुन्नी देवी, जयपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, बाबूराम तथा अजय कुमार उपस्थित रहे।

## शाम होते ही शुरू हो जाती है विद्युत कटौती, लोग परेशान

**स्योहारा ( चिंगारी )।** शाम होते ही नगर में बिजली की आंख मिचौनी होने लगती है, जिससे आम आदमी से लेकर कारखाने चलाने वाले लोग परेशान हैं। लगभग 5 बजे के बाद से बिजली कटौती की जाती है और बड़ी लाइन में फाल्ट बता दिया जाता है। पिछले दस दिनों से इसी तरह बिजली कटौती की जा रही है। बिजली विभाग द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। ग्रामीण क्षेत्र में भी दस बजे से बिजली कटौती शुरू कर दी जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में गुलदार ने दस्तक दी है, जिसके चलते लोगों में दहशत का माहौल देखने को मिलता है। गुलदार गांवों में घूमता देखा गया है तथा पूर्व में कई मवेशियों को अपना शिकार बना चुका है। इस तरह बिजली कटौती करने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि जब कभी बिजली विभाग का बकाया होता है तो कनैक्शन काट दिया जाता है, लेकिन बिजली आपूर्ति सही नहीं की जाती है।

**लोकल स्तर पर बिजली आपूर्ति की जा रही है। कोई कटौती नहीं होती, भार ज्यादा होने पर ऊपर से ही कटौती की जा रही है । - एसडीओ स्योहारा**

चिंगारी

पाठकों से निवेदन अगर आपको चिंगारी सांध्य दैनिक प्राप्त करने में कोई परेशानी या असुविधा हो रही है तो कृपया सायं 4 बजे से 6 बजे तक इस नम्बर पर बतायें या अपने नगर, गांव या कस्बे के चिंगारी रिपोर्टर अथवा एजेंट/हॉकर से बात करें। धन्यवाद!

मो. 9927500701

## स्कूल से बच्चे को लेने जा रहे व्यक्ति से गाली-गलौज व मारपीट का प्रयास

### हार्डवेयर की गाड़ी रास्ते में खड़ी करने का विरोध करने पर विवाद, पीड़ित ने 112 पर दी सूचना

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्कूल से अपने पांच वर्षीय बच्चे को लेने जा रहे एक व्यक्ति के साथ रास्ते में गाली-गलौज, मारपीट का प्रयास और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में चाहशीरी बुल्ला के चौराहा निवासी शाहनवाज पुत्र शरीफ अहमद ने बताया कि 16 सितंबर को करीब 12:30 बजे वह अपने पांच वर्षीय बच्चे हादी को पब्लिक प्ले स्कूल से लेने जा रहा था। आरोप है कि अमीर अहमद के घर के पास मुख्य रास्ते की गली में लोहे के हार्डवेयर का सामान उतारने के लिए गाड़ी खड़ी थी। पीड़ित के अनुसार, गली में गोदाम होने के कारण वहां प्रतिदिन कई वाहन खड़े किए जाते हैं, जिससे आवागमन में परेशानी होती है।

तहरीर के मुताबिक, शाहनवाज ने वाहन को रास्ते से थोड़ा साइड करने के लिए कहा। आरोप है कि इसी बात पर अमीर अहमद और उसका पुत्र सोनू गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित के अनुसार, वह वहां से अपनी जान बचाकर भागा तो स्कूल के रास्ते में नदीम और बबलू ने उसे रोक लिया और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट का प्रयास किया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उसने अपनी जान बचाने के लिए डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद उसकी जान बच सकी। पीड़ित ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## संस्कार भारती के तत्वावधान में हुई निबंध एवं सुलेख प्रतियोगिता



**बिजनौर ( चिंगारी )।** संस्कार भारती के तत्वावधान में श्री ओम शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज, शाहपुर खेड़ी, बिजनौर में निबंध एवं सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्यिक अभिरुचि, रचनात्मकता, लेखन-कौशल तथा सुंदर लेखन के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं संस्कार भारती बिजनौर के संरक्षक लालबहादुर शास्त्री तथा विद्यालय की प्रबंधक एवं संस्कार भारती बिजनौर की साहित्य विधा संयोजिका श्रीमती रचना शास्त्री के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतिभागी विद्यार्थियों में रीतिका, कावेन्द्र, गुंजन कुमारी, अलका, इजा सैफी, अर्शी परवीन, कनिष्क पाल, ईशा, वंशिका यादव, दीक्षा हर्षयाना, राधिका, कनक, रिया, आलिया, दीपिका, आफरीन, वासु, कनिका, मंशा, सोफिया, कशिश, प्रेरणा, जेबा एवं अक्शा शामिल रहे।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# ग्राम चापर के तालाब के विकास की दिशा में एक और कदम बढ़ा

## एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने किया निरीक्षण

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** ग्राम चापर स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का गत बुधवार को एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र कुमार सिंह एवं सखी फांडेशन की संस्थापिका डॉ. राखी आनंद अग्रवाल ने निरीक्षण किया। लगभग एक वर्ष पूर्व शुरू किए गए इस प्रयास के अब सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगे हैं। इस अवसर पर एसडीएम-शैलेंद्र कुमार सिंह ने तालाब क्षेत्र में हुए कार्यों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि जिस पहल की शुरुआत एक वर्ष पूर्व की गई थी, वह अब धीरे-धीरे धरातल पर परिणाम देती दिखाई दे रही है। डॉ. राखी के एनजीओ सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा तालाब के आसपास पौधारोपण भी किया गया था, जिनमें से कई पौधे अब अच्छी तरह विकसित हो रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ इस स्थान को



भविष्य में नजीबाबाद के लोगों के लिए एक सुंदर सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयास जारी हैं। डॉ. राखी ने बताया कि पिछले लगभग दो वर्षों से ग्राम चापर के इस तालाब के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अब आवश्यकता है कि यहां तक आने वाले रास्ते को पक्का किया जाए तथा बारातघर में बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इन सुविधाओं के विकसित होने के बाद यह स्थान भविष्य में पिकनिक स्पॉट अथवा लोगों के घूमने-फिरने के लिए एक सुंदर स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। डॉ. राखी ने कहा कि-यह केवल एक तालाब के विकास की बात नहीं है, बल्कि प्रकृति, स्वच्छता और जनसहभागिता से एक ऐसे स्थान को विकसित करने का प्रयास है, जिस पर नजीबाबाद के लोग गर्व कर सकें।

DF धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# शिखर शिशु सदन में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन



**धामपुर ( चिंगारी )।** शिखर शिशु सदन क्षत्रिय नगर ब्रांच में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में कक्षा सातवीं से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभागिता की। समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराना तथा विद्यालय, अनुशासन एवं अपने कर्तव्यों के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। विद्यालय की स्टूडेंट काउंसिल में अविका को हेड गर्ल, कनक को कल्चरल कैप्टन, आस्था एवं रिया को स्पोर्ट्स कैप्टन, उल्का, सिद्धि एवं कनिष्का को डिसिप्लिन कैप्टन/इंचार्ज, योगिता को येलो हाउस कैप्टन, दृष्टि को ब्लू हाउस कैप्टन, प्रियांशी को रेड हाउस कैप्टन तथा आराध्या को ग्रीन हाउस कैप्टन घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त कक्षा नौवीं से डिप्टी हेड गर्ल एवं डिप्टी हाउस कैप्टन्स तथा कक्षा सातवीं एवं आठवीं से प्रीफेक्ट्स का चयन किया गया। समारोह का आयोजन हाउस इंचार्जेस के मार्गदर्शन में किया गया। काजल शर्मा, पिंकी, ऋतु, दीपिका, शिखा, नीमा, वनीत, सुबोध एवं आयुष ने समारोह को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। कार्यक्रम का आयोजन एवं निर्देशन डायरेक्टर डॉ. शेखर अवस्थी, उपप्राचार्य डॉ. देवेश गहलोत एवं पलक मित्तल के मार्गदर्शन में किया गया।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# चेक बाउंस के मामले में छः महीने की सज़ा, साढ़े नौ लाख का जुर्माना

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एडिशनल कोर्ट के न्यायाधीश सुंदरलाल ने चेक बाउंस के तीन अलग-अलग मामलों में आरोपी अमित कुमार को दोषी पाते हुए छह महीने की सजा और 9 लाख 54 हजार रुपये जुर्माना लगाया। धामपुर के रानी बाग कॉलोनी निवासी मनीष तोमर पुत्र बलराम सिंह ने बताया कि आरोपी अमित कुमार पुत्र विजयपाल सिंह निवासी गांव हकीमपुर शकर गंज थाना धामपुर के साथ उनके अच्छे संबंध थे। अमित कुमार ने मनीष कुमार से 15 मई 2018 से 30 दिसंबर 2019 के मध्य कोचिंग सेंटर खोलने के नाम पर साढ़े 10 लाख रुपये की धनराशि उधार ली। मनीष ने आरोपी को सात लाख रुपये नगद और साढ़े तीन लाख रुपये बैंक के माध्यम से दिए। आरोपी ने विश्वास दिलाया कि कोचिंग खुलते ही उधार धनराशि लौटा देगा। काफी समय के बाद जब धनराशि नहीं लौटाई तो उसने आरोपी पर दबाव बनाया। अमित कुमार ने वादी को एक लाख 35 हजार रुपये लौटा दिए तथा शेष नौ लाख 15 हजार रुपये बकाया रही। दबाव बनाने पर उक्त धनराशि के तीन अलग-अलग धनराशि के आईसीआईसीआई बैंक, केनरा बैंक और पंजाब नेशनल बैंक के चेक दिए। वादी ने चेक की धनराशि प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाते में जमा किया तो आरोपी के खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के कारण तीनों चेक बाउंस हो गए। तीनों मामलों में न्यायाधीश सुंदरलाल ने आरोपी अमित कुमार को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

# याकुल्ट डेनोन प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक यूनिवर्सिटी के बी.बी.ए एवं बी.कॉम के विद्यार्थियों ने याकुल्ट डेनोन प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत की कार्यप्रणाली, आधुनिक प्लांट एवं मशीनरी, उत्पादन प्रक्रिया तथा गुणवत्ता प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने याकुल्ट डेनोन प्लांट का अवलोकन किया तथा वहां स्थापित आधुनिक मशीनरी और उत्पादन सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्लांट भ्रमण के पश्चात विद्यार्थियों के लिए एक विशेष प्रेजेंटेशन एवं इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किया गया। इस दौरान कंपनी की कार्यप्रणाली, उत्पादन व्यवस्था, गुणवत्ता मानकों तथा उद्योग में प्रबंधन और वाणिज्यिक गतिविधियों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

इस अवसर पर विवेक यूनिवर्सिटी की ओर से डॉ. शोभित रस्तोगी, डॉ. राहुल गर्ग, शिवानी राजपूत एवं ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग से सुश्री विधि भाटिया उपस्थित रहे। याकुल्ट डेनोन प्लांट की ओर से श्री शगुन राणा, निकिता गर्ग एवं स्वाति यादव की टीम ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और औद्योगिक गतिविधियों की जानकारी साझा की। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री अमित गोयल ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ औद्योगिक भ्रमणों के द्वारा व्यवहारिक ज्ञान भी उपलब्ध कराना है।

# मैरी भी ढूंढ नहीं पाई देशराज के कपड़े

## नहीं खुला दम्पति की मौत का राज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम जलालपुर काजी में दम्पति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का अभी खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि पुलिस ने गुत्थी सुलझाने के लिये पूरी ताकत लगा दी है। एक तरफ संभल से प्रशिक्षित डॉग मैरी को बुलाया गया, तो दूसरी तरफ गंगा में सुराग तलाशने के लिये पीएसी की फ्लड टीम खोजबीन में लगी है।

जलालपुर काजी में मंगलवार को देशराज उर्फ छोटे की लाश पेड़ से टंगी मिली थी, जबकि उसकी पत्नी सुषमा का शव लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर गंगा के पानी में गिरे पेड़ से बंधा मिला था। पति-पत्नी खेत पर काम करने के लिये गये थे। देशराज के शरीर पर पत्नी की सलवार थी और उसके कपड़े गायब थे। सुषमा का शव उसकी चोटी से पेड़ में बंधा हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में देशराज की मौत हैंगिंग और सुषमा की मौत गला घोंटने से होने की पुष्टि हुई थी। पुलिस के अनुसार देशराज ने पहली पत्नी को मारा, फिर आत्महत्या की। मगर पुलिस की यह कहानी किसी के गले नहीं उतर रही। मौके पर मिले कुछ साक्ष्य तथा परिस्थितियां कुछ और ही इशारा कर रही हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि देशराज ने पत्नी की सलवार क्यों पहनी थी और उसके अपने कपड़े कहां गये।



मृतक दम्पति की बेटी कामिनी ने अपने माता-पिता की हत्या का आरोप लगाया है। कामिनी का कहना है कि उनकी किसी से कोई रंजिश या दुश्मनी नहीं थी।

पुलिस द्वारा घटना की जांच लगातार की जा रही है। कई टीमें जांच में लगायी गई हैं। संभल में मासूम बच्ची से दुष्कर्म के मामले की गुत्थी सुलझाने में अहम भूमिका निभाने वाली प्रशिक्षित डॉग मैरी को दलित दंपति की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए बुलाया गया। मैरी ने कल तमाम जंगल छान मारा, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। मैरी की सूंघने की क्षमता जबरदस्त है। मैरी को देशराज के कपड़ों का सुराग ढूंढने के काम में लगाया गया है। गोल्ड मेडलिस्ट मैरी को बुधवार को संभल से विशेष टीम के साथ बिजनौर बुलाया गया था। यहां पहुंचते ही उसने पुलिस टीम के साथ सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। उधर, फॉरेंसिक टीम, स्थानीय पुलिस और फ्लड कंपनी पीएसी (जल पुलिस) ने भी व्यापक स्तर पर सर्च अभियान चलाया। लेकिन अभी कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा।

लैब्राडोर स्नीफर डॉग मैरी को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है। उसमें सूंघने की जबरदस्त क्षमता है। मैरी उस समय चर्चा में आई, जब संभल में 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के एक मामले की जांच में उसकी मदद ली गई थी। घटनास्थल पर मिले एक गमछे की गंध को सूंघकर मैरी सीधे आरोपी के घर तक पहुंच गई थी। इसी वजह से दलित दम्पति की मौत के मामले में पुलिस ने मैरी की मदद लेने का फैसला किया।

# बब्बू लंगड़ा गिरोह के ख़िलाफ़ पांच और मुक़दमे दर्ज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बब्बू लंगड़ा गिरोह पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। गिरोह के सदस्यों के खिलाफ जिले के अलग-अलग थानों में पांच और मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इसके साथ ही गिरोह से जुड़े लोगों के खिलाफ दर्ज मुकदमों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है।

गौरतलब है कि 6 सितंबर को बिजनौर के मोहल्ला काजीपाड़ा उमर कालोनी निवासी मुरादाबाद में तैनात जेई मौ. अहसान ने कोतवाली शहर में उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने और मुकदमा वापस लेने के लिए रुपयों की मांग करने की बब्बू लंगड़ा गिरोह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने गिरोह के सरगना जुल्फिकार उर्फ बब्बू लंगड़ा सहित पांच को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने गिरोह पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। 14 सितंबर को पुलिस ने गिरोह से जुड़े भागूवाला निवासी पीएसी जवान मौ. आसिफ और झालू निवासी प्रोपर्टी डीलर दिलशाद को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। अब पुलिस ने इस गिरोह के सदस्यों पर पांच और मुकदमें दर्ज किए हैं, जिसमें शहर कोतवाली में दो, स्योहारा में दो और नजीबाबाद में एक मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दुष्कर्म के झूठे मुक़दमे दर्ज कराने वालों की अब ख़ैर नहीं

बुधवार को थाना कोतवाली शहर में कांठ के समीपवर्ती ग्राम गढ़ी सलेमपुर निवासी इकबाल ने जुल्फिकार उर्फ लंगड़ा, झालू के मोहल्ला सादात निवासी दिलशाद, बिजनौर के मोहल्ला चाहशीरीं निवासी इकरार, नहटौर के मोहल्ला कायस्थान निवासी जन्नती, बिजनौर के मोहल्ला खत्रियान निवासी अनीसा और दानिश के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी। इसके अलावा बिजनौर के समीपवर्ती ग्राम जमालपुर पठानी योगेश शर्मा ने भी जुल्फिकार उर्फ लंगड़ा और दिलशाद के अलावा कुंती निवासी पतियापाड़ा चांदपुर, पारूल निवासी लडापुरा को नामजद किया है। उधर, नजीबाबाद थाने में मोहल्ला बांसफोड़ान निवासी आसिम ने भी मामला दर्ज कराया है। इसके साथ ही मोहल्ला पठानपुरा नजीबाबाद निवासी साहिल पुत्र आसिफ ने बिजनौर के बब्बू लंगड़ा, महफूज, झालू के दिलशाद के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

# विद्युत आपूर्ति में करो सुधार, ग्रामीण आंदोलन को तैयार

## भाकियू ने अवर अभियंता को दिया ज्ञापन

**शेरकोट ( चिंगारी )।** ग्रामीण क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध अघोषित विद्युत कटौती से परेशान ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं के साथ अवर अभियंता को ज्ञापन देकर विद्युत कटौती बंद कराने की मांग करते हुए सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

पिछले कुछ दिनों से हो रही अघोषित विद्युत कटौती से क्षुब्ध ग्रामीणों ने बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं के साथ मुबारकपुर बिजलीघर पर पहुंचे और अवर अभियंता पवन कुमार को ज्ञापन देकर विद्युत कटौती से हो रही समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों के मुताबिक उन्हें मात्र 8-10 घंटे ही विद्युत आपूर्ति मिल पा रही है, जिससे बिजलीघर से जुड़े दर्जन भर से अधिक गांवों के लोगों को भीषण गर्मी में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक इन दिनों क्षेत्र में गुलदार का आतंक चल रहा है, रात के समय बिजली गायब होने से अंधेरा छाया रहने के कारण रहने से गुलदार के हमले का खतरा बढ़ गया है। भाकियू कार्यकर्ताओं ने अघोषित बिजली कटौती बंद कर निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक आपूर्ति दिये जाने की मांग की। ग्रामीणों ने एक सप्ताह में सुधार न होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर नरेश कुमार, अशोक कुमार, अवनीश कुमार उर्फ बिट्टू भैया, रूपेश कुमार, अरविंद कुमार, रवि चौहान, योगेंद्र सिंह, चंद्रभान सिंह, हरिओम सिंह, राजवीर सिंह, पुखराज सिंह, मांगेराम सिंह, मौ. सुलेमान आदि काफी लोग मौजूद रहे।




कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# रामपाल सिंह महाविद्यालय में मनाया गया हिन्दी दिवस



**चंदक ( चिंगारी )।** रामपाल सिंह महाविद्यालय, चंदक में हिन्दी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हिन्दी भाषा के महत्व, उसकी समृद्ध साहित्यिक परंपरा तथा भारतीय संस्कृति में उसके योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्य डॉ. शिवानी सिंह, प्राचार्या डॉ. रूबी एवं वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती मिनाक्षी राजपूत ने विद्यार्थियों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि हिन्दी हमारी संस्कृति, भावनाओं और विचारों को अभिव्यक्त करने वाली सशक्त भाषा है। विद्यार्थियों को हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग तथा हिन्दी साहित्य के अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की और हिन्दी भाषा के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना व्यक्त की। हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रवक्ता डॉ. नीलम शर्मा, डॉ. रेनू राजपूत, मोनिका सैनी, प्रिया मलिक, आयुषी चौधरी, आकांक्षा, दीपक कुमार, गौरव राठी, शुभम कुमार, ऋषभ राठी, मनोज कुमार, निधि आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# शिविर में हृदय व गुर्दा रोगों की जांच की गई

**किरतपुर ( चिंगारी )।** मंदिर मोतीचूर स्टैंड स्थित फैमिली नर्सिंग होम में पूजा हॉस्पिटल नजीबाबाद के सौजन्य से बुधवार को नि:शुल्क हृदय एवं गुर्दा रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। मरीजों की ईसीजी सहित अन्य आवश्यक जांच नि:शुल्क की गई। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विपुल बडोनी ने बताया कि सीने में लगातार दर्द या चुभन, अधिक पसीना आना, रक्तचाप बढ़ा रहना, हाथ-पैरों में सूजन, चलते समय सांस फूलना और बार-बार चक्कर आना हृदय रोग के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण होने पर मरीज को हृदय रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए। डॉ. भूपेंद्र देशवाल ने गुर्दा रोग, मूत्राशय, पथरी और प्रोस्टेट आदि रोगों के संबंध में जानकारी दी। शिविर में 63 मरीजों की ईसीजी की गई, जबकि करीब 110 मरीजों का परीक्षण किया गया। शिविर के आयोजन में नर्सिंग होम स्वामी राशिद अनवर, डॉ. सारिम अनवर, आतिफ अनवर, मोहम्मद अरमान, मोहम्मद नोमान, मोहम्मद सोमान, डॉक्टर शोएब, अयाजुद्दीन, सफिया, प्रियांशु और रज्जाक आदि का सहयोग रहा। अंत में शिविर संयोजक डॉ. सारिम अनवर ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## संक्षेप में

### विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश मंत्री बने पीयूष अरोड़ा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति एवं प्रदेश महामंत्री दिग्विजय सिंह ने नगर निवासी पीयूष अरोड़ा को संगठन में प्रदेश मंत्री मनोनीत किया। वर्तमान में पीयूष अरोडा विश्व हिन्दू महासंघ की सनातन रक्षा वाहिनी में प्रदेश मंत्री थे, वे पिछले 9 वर्षों से संगठन से जुड़े हुए हैं। पीयूष अरोड़ा के मनोनयन से उनके समर्थकों में खुशी छाई हुई है। पीयूष अरोड़ा ने कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का काम करेंगे।



### श्यामवती देवी के निधन पर शोक

**चांदपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ शिक्षक नेता सुरेन्द्र मलिक ने बिजनौर चेयरमैन इंदिरा सिंह की माताजी श्रीमती श्यामवती देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री मलिक ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दारुण दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर सेप्रार्थना की है।

### तीन दिन से लापता है किशोर

**चांदपुर ( चिंगारी )।** पिछले तीन दिन से लापता किशोर का अभी तक भी पता न लग पाने से परिजनों में चिंता बनी हुई है। मुहल्ला शाहचंदन निवासी मौ. उमर ने बताया कि उसका 14 वर्षीय पुत्र मौ. जैद 14 सितम्बर को सायं 4 बजे से लापता है। हरसंभव स्थान पर तलाश करने पर भी मौ. जैद का कहीं पता नहीं लग सका। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

# चोरी की गई बाइक के साथ गिरफ्तार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव अब्दुल्ला नगर डांडा निवासी मौहम्मद सलमान की बाइक 15 सितम्बर को नूरपुर स्थित एक मेडिकल स्टोर से चोरी हो गई। पुलिस की विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान उक्त घटना में क्षेत्र के गांव झीरन निवासी अनिल सिंह पुत्र चमन सिंह व लव कुमार पुत्र महेश कुमार के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने बुधवार को दोनों आरोपियों को बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक यशवीर सिंह, कांस्टेबल असलम, विपुल यादव व सूजन चौधरी मौजूद रहे।




# ईडब्ल्यू एस आरक्षण श्रेणी के मानकों में संशोधन की मांग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महाराज मुकट सिंह शेखावत संस्थान का प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिलाधिकारी जसजीत कौर को मुख्यमंत्री और मंडल आयुक्त मुरादाबाद के नाम EWS आरक्षण श्रेणी के मानकों में संशोधन कर केवल 8 लाख से कम आय के मानक को रखने और अन्य सभी अनुबंधों, जमीन आदि की शर्तों को हटाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। संस्थान द्वारा दिए गए अनुरोध ज्ञापन में उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से ईडब्ल्यूएस आरक्षण की श्रेणी में केवल 8 लाख रूपये से कम वार्षिक आय का मानक रखने और अन्य सभी मानक अनुबंधों को हटाने का अनुरोध किया गया है। ज्ञापन में राजस्थान और गुजरात सरकार द्वारा किए गए सरलीकरण का उदाहरण दिया गया।




प्रतिनिधिमंडल में जगदीश सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह चौहान, बृजेश सिंह चौहान, कुंवर शरद सिंह गौर हरगनपुर, प्रशांत शेखावत, राजपाल सिंह शेखावत आदि रहे।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# सड़क का निर्माण शुरू करो वर्ना, 15 दिन बाद देंगे धरना



**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिवसेना कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर चांदपुर में फादरसन पब्लिक स्कूल से जेपी पब्लिक स्कूल तक पिछले लगभग साढ़े तीन वर्ष से अधूरे पड़े सड़क के चौड़ीकरण के कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है तथा 15 दिन के भीतर कार्य शुरू न होने पर कलेक्ट्रेट पर धरना देने की चेतावनी दी गई। शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बिजनौर पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि चांदपुर में फादरसन पब्लिक स्कूल से जेपी पब्लिक स्कूल तक सड़क के चौड़ीकरण का कार्य पिछले लगभग साढ़े तीन वर्ष से अधर में लटका पड़ा रहने के कारण आयेदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। अब तक अनेक लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। यदि 15 दिन के भीतर सड़क के चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं हुआ तो शिवसेना कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर धरना देने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में मुकेश लांबा, बंटी शहरावत, दीपक देशवाल, अंतरिक्ष कौशिक, शोभित गुर्जर, रामगोपाल लांबा, डॉ. दिनेश, संदीप उर्फ बिल्ला, सोनू, पवन, कामेन्दर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गणपति बप्पा को भावपूर्ण विदाई दी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल में गणपति बप्पा की विदाई श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ की गई। गणपति जी के आगमन से विद्यालय परिसर में बना भक्तिमय वातावरण विदाई के समय भी दिखाई दिया। विद्यालय परिवार ने गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना कर सभी के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की।



इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने श्रद्धा के साथ गणपति जी को विदाई दी। पूरे वातावरण में गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष गूंजते रहे। विद्यालय के प्रबंधक अरविंद कुमार, निर्देशिका शक्ति भारद्वाज मित्तल, चेयरमैन अनिरुद्ध मित्तल, प्रधानाचार्या गरिमा सिंह आदि ने गणपति बप्पा से विद्यालय और सभी परिवारों पर अपनी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।

# आसपा ने कलेक्ट्रेट में धरना दिया

## सांसद चंद्रशेखर पर हमले की निष्पक्ष जांच की मांग



धरना स्थल पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए विवेक सेन।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में चार सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया। धरने के बाद पार्टी पदाधिकारियों ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर मांगों पर जल्द कार्रवाई की मांग की।बुधवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और समस्याओं को लेकर धरना दिया। धरना के बाद दिए ज्ञापन दिया, जिसमें 13 सितंबर को बाराबंकी के बुढ़वल में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर हुए कथित पथराव और हमले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और सांसद की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की गई। इसके अलावा लखनऊ में धरना दे रहे पंचायत सहायकों की मांगों का समाधान कराने 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती से जुड़े आरक्षण प्रकरण में आवश्यक कार्रवाई करने और सहारनपुर, मुरादाबाद समेत अन्य स्थानों पर धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में कानून के अनुसार निष्पक्ष कार्रवाई की मांग उठाई गई। धरने में सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन, नजीबाबाद चेयरमैन इंजी. मुअज्जम खां, साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, शेरबाज पठान, गौहर इकबाल, जितेंद्र राणा, आयुष चौहान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**चंदक ( चिंगारी )।** बीती रात ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। युवक तीन भाइयों में सबसे छोटा था तथा अविवाहित था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चंदक-बालावाली के बीच ग्राम नाईवाला के सामने रात्रि करीब दस बजे एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। युवक की शिनाख्त ग्राम नाईवाला थाना मंडावर निवासी छोटू 30 वर्ष पुत्र रामसिंह के रूप में हुई। मंडावर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शव पीएम के लिए बिजनौर भेज दिया।

# भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आदि शिल्पकार विश्वकर्मा जी की जयंती आज देशभर में श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही है। इस अवसर पर विशेष रूप से औद्योगिक संस्थानों और कारखानों में पूजा-अर्चना की गई। जगह-जगह शोभायात्रा भी निकाली गई। विश्वकर्मा मंदिरों में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाया।

राजकीय आईटीआई, बिजनौर में भगवान ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र विश्वकर्मा जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर ही राजकीय आईटीआई बिजनौर में विशेष सफाई अभियान चला कर समस्त वर्कशॉप एवं उपकरणों की सफाई की गई तथा आज प्रात: 8:30 बजे हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईटीआई में उपयोग होने वाले समस्त उपकरणों की भी पूजा की गई। प्रधान सहायक राकेश शर्मा द्वारा बताया गया कि हिंदू धर्म में विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। प्रधानाचार्य मंजुल मयंक, फोरमैन दीपक कुमार गुप्ता, श्रीमती अनु, प्रधान सहायक राकेश शर्मा, संजीव चौधरी, आशीष कुमार सक्सेना, आशीष कुमार, प्रेम सिंह, सत्यवीर सिंह, कामता प्रसाद, बृजेश कुमार खरवार, विजयपाल सिंह, नीरज कुमार शर्मा, ओंकार सिंह, करतार सिंह, श्रवण कुमार गुप्ता, प्रकाश सिंह, मनोज कुमार, राजीव कुमार शर्मा, अरविंद कुमार, योगेश कुमार, सुशील कुमार, सत्येंद्र कुमार, निपेंद्र सिंह, शुभम, श्रीमती नीतू, हिमानी, दिवाकर चौधरी, नीरज चौधरी, डांडियाल सिंह, श्याम सिंह, शशी, अनुज यादव, राहुल सिंह, बृजेश कुमार यादव, कपिल अग्रवाल, अमित कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 76वे जन्मदिन के उपलक्ष्य में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आज सुबह यहां बिजनौर रोड स्थित रेलवे फाटक के नजदीक स्थित लखनऊ नर्सिंग होम पर आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता शिवली खान ने फीता काट कर किया। शिविर में रोगियों की भीड़ उमड़ पड़ी। चिकित्सको द्वारा रोगियों की जांच कर उनको निशुल्क दवाइयां भी दी गई। नर्सिंग होम की संचालिका एवं भाजपा नेता शिवली खान व डा सुनील गौतम ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ऊंचाईयों को छू रहा है तथा पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीधार्यु की भगवान से प्रार्थना की।

# पीयूष कुमार ने कुष्ठ रोगियों की सेवा कर अपना जन्मदिवस मनाया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** लायंस क्लब बिजनौर सिटी के अध्यक्ष पीयूष कुमार ने गत रविवार को अपना जन्मदिवस समाज के सबसे उपेक्षित वर्ग कुष्ठ रोगियों के बीच मनाकर एक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कुष्ठ आश्रम के निवासियों को लायंस क्लब और लायनेस क्लब ने स्वादिष्ट भोजन कराया। पीयूष कुमार और उनके परिवार के सदस्यों तथा क्लब सदस्यों ने कुष्ठ रोगियों को अपने हाथों से भोजन परोसा और उन्हें उपहार भी भेंट किये। इस अवसर पर लायंस क्लब बिजनौर सिटी के सचिव प्रशांत गोयल एड., एसके बबली एड., जयवीर राठी, अरूण कुमार सिंह, डा. सीपी सिंह, डा. शूरवीर सिंह, अशोक कुमार चौधरी, डा. नीरज चौधरी, भानूप्रताप, धीरज सिंह, विभूति राय भटनागर, शलभ चौधरी, लायनेस प्रतिमा सिंह, नीता अग्रवाल, मीनू गोयल, रश्मि गुप्ता, कुसुम सिंह, शोभा चौधरी, यशोदा सिंह, डा. साक्षी गोयल आदि मौजूद रहे।

# कई लोगों ने ग्रहण की असपा की सदस्यता



**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला बुद्धूपाड़ा में कल आजाद समाज पार्टी की ओर से सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आसपा नेता अशरफ जमील के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशरफ जमील ने की, जबकि संचालन मनीष ने किया। प्रदेश सचिव साहिल मेहरा, नगर अध्यक्ष सलीम राशिद, जिला उपाध्यक्ष नवीन भारती, फहाद खान, दानिश कुरैशी, इज़हार सिद्दीक़ी, उसामा, फैसल, शेख मसूर, सलमान शेख, काशिफ, शमीम, तारिक और शहबाज सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान शेरान, औसफ, अरशी, मुदस्सिर, मोनिश, जहीर, नोशाफ, समीर, मुशाहिद, गयाज, फयाज, वसीद और आबाद सहित कई लोगों ने आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अशरफ जमील ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता संगठन को बूथ और वार्ड स्तर तक मजबूत करने के साथ ही जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए लगातार सक्रिय रहेंगे।

# कांग्रेस नेता संजीव आर्य का प्रशांत गोयल के आवास पर हुआ भव्य स्वागत



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं सहप्रभारी उत्तर प्रदेश, पूर्व विधायक संजीव आर्य का वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कांग्रेस विधि विभाग जनपद बिजनौर के चेयरमैन प्रशांत गोयल एड. एवं जिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव श्रीमती मीनू गोयल के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुधीर पाराशर पूर्व जिला अध्यक्ष, नज़ाकत अल्वी पूर्व जिला उपाध्यक्ष, सविता सिंह एड, शिवा पाराशर एड, विकास नारायण एड, हेनरीता राजीव सिंह जिला अध्यक्ष, इंतखाब ज़ैदी एड, ज़ैद बेग एड, हीरा सिंह, सोनम एड, मुनीश त्यागी, टिल्लू त्यागी, अब्दुल समद आज़ाद, दिलीप कुमार, डॉ. साक्षी गोयल, मीनाक्षी पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य, अनिल सिंह एड, जीनत एड, शाहिद, समीर रिज़वी, भारत सिंह, राखी, बाला आदि मौजूद रहे। राजस्थान में स्थानीय निकाय के चुनाव में कांग्रेस की प्रचंड जीत पर मीनू गोयल एवं परिवार ने लड्डू खिला कर खुशी मनाई।

# हल्दौर में अतिक्रमण करने वालों में हड़कम्प मचा

## नगर पालिका ने चलाया अभियान, दुकानदारों ने खुद हटाया सामान

**हल्दौर (चिंगारी)।** उपजिलाधिकारी सदर के आदेश पर नगर पालिका परिषद द्वारा नगर हल्दौर में सार्वजनिक भूमि, सड़कों, नाले नालियों पर किए गए स्थायी-अस्थायी अतिक्रमणों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अतिक्रमण अभियान को देखते ही अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। अधिकतर लोगों ने स्वयं ही अपनी-अपनी दुकानों के आगे रखे सामानों को उठाकर अंदर कर लिया। ठेले वालों ने सड़कों पर पीछे हटाकर ठेले लगाए, जिससे सड़कों पर लोगों को आवाजाही में काफी सुकून मिला। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा नामित अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सुषमा यादव, पूजा तिवारी एवं नायब तहसीलदार अतुल भगत के तत्वावधान में चले अतिक्रमण विरोधी अभियान में नगर पालिका से अधिशासी अधिकारी सीमा वर्मा तथा पालिका स्टाफ तथा पर्याप्त पुलिस बल एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों से भारी जुर्माना भी वसूल किया गया। उधर अभियान के दौरान पूर्व सभासद रवि कुमार ने स्थायी अतिक्रमण का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई केवल अस्थायी अतिक्रमण तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि सरकारी भूमि, तालाबों और नालों पर किए गए स्थायी कब्जों के खिलाफ भी प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए। जिस पर अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।



## सांप ने बिस्तर में घुसकर युवती को डसा, हालत गंभीर

**स्योहारा (चिंगारी)।** घर में सो रही युवती को सांप ने काट लिया, जिसके बाद परिजनों ने युवती को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। क्षेत्र के गांव मुजाहिदपुर खिड़का निवासी 22 वर्षीय सैबी पुत्री निजामुद्दीन घर में सो रही थी। रात 1:30 बजे सैबी के विस्तर पर सांप चढ़ गया, जब सांप ने सैफी को डंसा तो घबराहट से उसकी आंख खुली और परिजनों को बताया। परिजन रात में ही देशी दवाई पिलाने के लिए ले गये और वापसी में घर ले आए। धीरे-धीरे सांप का ज़हर युवती के शरीर में फैलने लगा, जिसके बाद बुधवार को दोपहर को वह बेहोश हो गयी। परिजन युवती को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर युवती को हायर सेंटर रैफर कर दिया।

## पावर-कोल्हू चलाने की तैयारी, मरम्मत का काम युद्धस्तर पर जारी



एक पावर- कोल्हू में मरम्मत के कार्य में जुटे लोग

**नांगल सोती (चिंगारी)।** पावर- कोल्हू संचालकों ने आगामी सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। बहुत जल्द पावर- कोल्हुओं में पेराई का कार्य शुरू हो जायेगा, जिससे तमाम लोगों को रोजगार मिलेगा। नांगल पावर-कोल्हुओं का गढ़ माना जाता है, यहां का निर्मित गुड़ बहुत प्रसिद्ध है। दूसरे राज्यों के लोग भी आते-जाते यहां का गुड़ खरीदते हैं। अधिकांश पावर-कोल्हुओं में लड्डू टाइप का गुड़ बनता है। अपनी विशेष पहचान तथा गुणवत्ता के कारण ही यहां का गुड़ अन्य क्षेत्रों के गुड़ से 500 - 1,000 रूपये प्रति कुंतल तक महंगा बिक जाता है। बहुत जल्द पावर-कोल्हुओं का नया सीजन शुरू होने वाला है। आगामी सीजन के लिये पावर-कोल्हू संचालक इस समय कोल्हुओं की मरम्मत में युद्धस्तर पर जुटे हुए हैं। 26 सितंबर से पितृ पक्ष / श्राद्ध पक्ष शुरू हो रहा है। सनातन धर्म के लोग श्राद्ध पक्ष में नये कार्य की शुरुआत नहीं करते हैं। इसलिये कुछ पावर-कोल्हुओं के नवीन सत्र का श्रीगणेश श्राद्ध पक्ष शुरू होने से पहले ही हो सकता है। 10 अक्टूबर को श्राद्ध पक्ष का समापन होगा तथा 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत होगी। नवरात्रि के दौरान अधिकांश पावर-कोल्हुओं का संचालन शुरू हो जायेगा।

**नांगल में चलते हैं 50 पावर-कोल्हू :** नांगल क्षेत्र में तकरीबन 50 पावर-कोल्हू संचालित होते हैं। इन पावर-कोल्हुओं के संचालन से 550 से ज्यादा स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार मिलता है। एक पावर-कोल्हू में कम से कम 11 लोगों को रोजगार मिलता है। अधिकांश पावर-कोल्हुओं का संचालन कई व्यक्ति मिलकर करते हैं। इनकी संख्या 8 से 9 होती है, जबकि भट्टी झोंकने वाले मजदूर अलग होते हैं।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 18 सितम्बर 2026**

मेष- आज रात्रि 10/45 बजे तक समय अव्यवस्थित, समस्या से चिन्तित, शत्रु सक्रिय, शेष समय में स्वास्थ्य सुधार पर, तनाव में कमी, लाभ का मार्ग प्रशस्त।

वृषभ- आज रात्रि 10/45 बजे तक समय अनुकूल, कार्य क्षमता में वृद्धि, योजना साकार, लक्ष्य की प्राप्ति, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभावी, जोखिम से हानि।

मिथुन- विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, राजनीतिक लाभ का प्रयास सार्थक, परिवार में हर्षोल्लास, मनोविनोद के अवसर सुलभ।

कर्क- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

सिंह- आज रात्रि 10/45 बजे तक समय असंतोषजनक, आर्थिक कठिनाइयां, शारीरिक कष्ट, आपसी तनाव, शेष समय बेहतर, नवयोजना की पूर्ति, व्यापारिक लाभ।

कन्या- आज रात्रि 10/45 बजे तक दिनमान अनुकूल, अधूरे कार्य पूर्ण, दाम्पत्य जीवन मधुर, अकल्पित लाभ, शेष समय व्यवधानकारक, समस्याओं से चिन्तित।

तुला- व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

वृश्चिक-अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का लाभ, राजनैतिक गतिविधियों में संलग्नता, राजकीय पक्ष से लाभ, मौजमस्ती में व्यय।

धनु- आज रात्रि 10/45 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, कार्यों में अड़चनें, सहयोगियों से विवाद संभव, शत्रु से हानि, शेष समय में पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, मन प्रसन्न।

मकर- आज रात्रि 10/45 बजे तक अनुकूलता, नवीन योजना का श्रीगणेश, उन्नति का सुयोग, मनोविनोद के अवसर, शेष समय में प्रगति में गतिरोध, इच्छित योजना अधूरी।

कुम्भ- समझदारी से लिया गया निर्णय व किया गया हितकर, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रयत्नशील, आमोद प्रमोद के साधन सुलभ।

मीन- विचाराधीन योजना का मूर्तरूप में परिणित, धन लाभ का सुअवसर, दाम्पत्य जीवन में संतोष, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722


## कार्यालय नगर पालिका परिषद हल्दौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांकः / 1504 / न0पा0प0ह0 / 2026–27, दिनांकः 15 सितम्बर, 2026

–:: सार्वजनिक सूचना ::–

–:: नोटिस अन्तर्गत धारा 143 (1), 147 (2) उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1916 ::–

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सम्पत्तिओं का नामान्तरण हेतु रजिस्टर्ड बैनामा / रजिस्टर्ड वसीयतनामा / वारिसान प्रमाण–पत्र / मृत्यु प्रमाण–पत्र / शपथ–पत्र व अन्य विधिक साक्ष्यों सहित आवेदन पत्र दिये गये है। नगरपालिका के गृहकर अभिलेखों में उक्त सम्पत्तिओं के संबंध में नया नाम दर्ज होना है, जिनका विवरण इस प्रकार हैः–

| क्र. सं. | सम्पत्ति का पता | क्रेता का नाम व पता | विक्रेता का नाम व पता | नामान्तरण का आधार | क्षेत्रफल | भवन संख्या / अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | मौ0 हलवाईयान | श्री गौरव अग्रवाल पुत्र श्री अनिल कुमार, नि0 मौ0 खेड़ा, हल्दौर (बिजनौर)। | श्री आसिफ इकबाल पुत्र श्री रईस अहमद, नि0 आसियाना कॉलोनी, मंगलार रोड, भवानीगंज, रामनगर रेंज, नैनीताल। | पंजीकृत बैनाम दि0 27.04.2026 | 18.29 वर्ग मी0 | नया नाम |
| 2. | | | | पंजीकृत बैनाम दि0 14.09.2026 | 9.79 वर्ग मी0 | |

अतः उपरोक्त सम्पत्ति पर कॉलम संख्या–03 में अंकित नाम को निकाय के गृहकर अभिलेखों में दर्ज करने में यदि किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो निकाय कार्यालय में अपनी आपत्ति मय अभिलेखीय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत करने के लिए उक्त धाराओं के अन्तर्गत एक माह (30 दिन) का समय दिया जाता है। निर्धारित समय–सीमा के उपरान्त किसी भी दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर स्वामित्व के रूप में आवेदिका का नया नाम नगर पालिका परिषद हल्दौर (बिजनौर) के गृहकर अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
हल्दौर (बिजनौर)

# दिव्यांग बच्चों के बीच अपना जन्म दिवस मनाने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

## बच्चों के साथ केक काटा, आत्मीयता से मिले और साझा की जन्म दिवस की खुशियां

-एस.पी. अरोड़ा



**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को अपने जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान पहुंचकर वहां अध्ययनरत बच्चों के साथ अपना जन्म दिवस मनाया। मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ केक काटा और उनके बीच रहकर जन्म दिवस की खुशियां साझा कीं। मुख्यमंत्री बच्चों से बेहद आत्मीयता और स्नेह के साथ मिले। उन्होंने बच्चों के बीच जाकर उनसे संवाद किया, उनका उत्साहवर्धन किया और उनके साथ समय बिताया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चे भी उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। इस दौरान पूरा वातावरण आत्मीयता, स्नेह और अपनत्व से भरा रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के बीच बिताया गया समय जीवन को नई ऊर्जा और प्रेरणा देता है। प्रत्येक बच्चे में अपार प्रतिभा और संभावनाएं होती हैं। उन्हें आगे बढ़ने के लिए अवसर, प्रोत्साहन और विश्वास मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन का सशक्तिकरण केवल सरकारी प्रयासों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास से जीवन की प्रत्येक चुनौती को पार किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को अपने लक्ष्य की ओर पूरे विश्वास और उत्साह के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर, सम्मान और आगे बढ़ने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्नेह और उनके चेहरों की खुशी उनके लिए जन्म दिवस का सबसे विशेष और यादगार उपहार है। इस अवसर पर श्रीमती गीता पुष्कर धामी, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी एवं संस्थान के शिक्षक मौजूद रहे।

# जीआईसी में आयोजित हुई जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** यू-कॉस्ट एवं विद्यालयी शिक्षा विभाग उत्तराखंड की पहल पर राजकीय इंटर कॉलेज में द्वितीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग की जनपद स्तरीय क्विज का आयोजन किया गया। क्विज के सीनियर वर्ग में माही और जूनियर वर्ग में अभिनव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

क्विज का शुभारंभ नगर आयुक्त पीएल शाह, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक अंशुल बिष्ट, सेवानिवृत्त अपर शिक्षा निदेशक प्रदीप रावत और खंड शिक्षा अधिकारी वर्षा भारद्वाज ने किया। प्रतियोगिता में जिले के 15 विकासखंडों के विभिन्न शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सीनियर वर्ग में माही, आयुष बड़ोला, हम्जा पांडेय ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में अभिनव प्रथम, अनिकेत द्वितीय और स्वर्णिम तृतीय स्थान पर रहे। समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल में श्रवण रावत, सरिता रौतेला, दीपक नौटियाल, सीतांशु खुगशाल, कविता बिष्ट रावत, रश्मि उनियाल और पूनम पांथरी आदि शिक्षक शामिल रहे।

# एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## फर्जी नियुक्ति पत्र देते हुए तीन पकड़े गये

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश के प्रशासन और सुरक्षा विभाग ने संयुक्त और त्वरित कार्रवाई करते हुए एम्स किच्छा में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। संस्थान के सुरक्षा विभाग की टीम ने एक गोपनीय रणनीति के तहत एम्स से बैराज जाने वाली रोड पर एक स्टिंग ऑपरेशन को अंजाम दिया। संस्थान प्रशासन को सूचना मिली थी कि कुछ लोग एम्स किच्छा में नौकरी दिलाने के नाम पर अभ्यर्थियों से पैसा वसूल रहे हैं। इस फर्जीवाड़े में शामिल लोगों को धर दबोचने के लिए सुरक्षा विभाग ने संस्थान प्रशासन से समन्वय स्थापित कर एक गुप्त योजना तैयार की और स्टिंग ऑपरेशन पर काम करना शुरु किया। जानकारी प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग बैराज रोड पर अभ्यर्थियों को अपॉइंटमेंट लेटर दे रहे हैं। सूचना पर एम्स ऋषिकेश सुरक्षा विभाग की इंटेलीजेंस टीम ने जाल बिछाया और एक स्टाफ को नौकरी की मांग हेतु आरोपियों के पास भेजा। जालसाजी की पुख्ता जानकारी मिलते ही एम्स की सुरक्षा टीम ने 3 लोगों को दबोच डाला। आरोपी एक क्रेटा वाहन में बैठकर अभ्यर्थियों से पैसा वसूल रहे थे।




संस्थान को लगातार सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग निर्माणाधीन एम्स किच्छा में विभिन्न पदों पर फर्जी भर्ती के नाम पर बेरोजगार युवाओं से लाखों रुपये ऐंठ रहे हैं। इसी क्रम में एम्स के सुरक्षा विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बैराज रोड पर घेराबंदी की। आरोपी वहां एक क्रेटा वाहन में बैठकर अभ्यर्थियों से पैसे का लेन-देन कर रहे थे। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से दो अभ्यर्थियों के नाम पर जारी किए गए फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर (नियुक्ति पत्र) बरामद हुए। इनमें से एक फर्जी नियुक्ति पत्र नर्सिंग ऑफिसर के पद के लिए और दूसरा मल्टीटास्किंग स्टाफ के पद के लिए तैयार किया गया था। आरोपियों से टीम ने अभ्यर्थियों से वसूले गए 2 लाख रुपए नकद भी प्राप्त हुए हैं।

संस्थान के उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी सहायक कमांडेंट अनिल चन्द्र ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि तीनों आरोपी उधमसिंह नगर जिले के किच्छा क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। सुरक्षा विभाग की टीम ने तीनों आरोपियों को उनके क्रेटा वाहन और बरामद फर्जी दस्तावेजों के साथ एम्स ऋषिकेश की पुलिस चौकी के सुपुर्द कर दिया है।

### संस्थान की अपील

**एम्स ऋषिकेश प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे नौकरी के नाम पर किसी भी बिचौलिए या एजेंट के झांसे में न आएं। संस्थान के पीआरओ डॉक्टर श्रीलोय मोहंती ने बताया कि एम्स ऋषिकेश तथा संस्थान के सेटेलाइट सेंटर एम्स किच्छा के किसी भी पद पर भर्ती पूरी तरह से पारदर्शी और योग्यता के आधार पर की जाती। उन्होंने बताया कि भर्ती सम्बंधित सभी जानकारियां संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट ( www.aiimsrishikesh.edu.in ) पर उपलब्ध हैं। डॉक्टर मोहंती ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति नियुक्त पत्र दिलाने का दावा कर पैसों की मांग करता है, तो उसकी सूचना तुरंत एम्स प्रशासन या पुलिस को दें।**

# भाषण प्रतियोगिता में रुद्रप्रताप आये प्रथम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में समृद्ध राष्ट्र के लिए संस्कारयुक्त, नशामुक्त युवा विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर नशामुक्त समाज और राष्ट्र निर्माण को लेकर अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में हेरिटेज पब्लिक स्कूल के रूद्रप्रताप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य चंदन सिंह नकोटी, डॉ. रमाकांत कुकरेती और वंदना भारद्वाज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे प्रतिभागियों ने निर्धारित विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में हेरिटेज पब्लिक स्कूल के रूद्रप्रताप सिंह प्रथम, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की नमरा द्वितीय और हेरिटेज पब्लिक स्कूल की अर्चना तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं हैप्पी होम पब्लिक स्कूल के सार्थक और मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की जिया बहुखंडी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए संस्कार, अनुशासन और सकारात्मक सोच को राष्ट्र की प्रगति का आधार बताया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# आयुष एवं प्राची को सीएम ने किया पुरस्कृत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कण्वघाटी स्थित एमकेवीएन स्कूल में अध्ययनरत 6वीं के छात्र आयुष नेगी व 8वीं की छात्रा प्राची नेगी को राजधानी देहरादून में पुरस्कृत करने पर विद्यालय प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया है। विद्यालय के प्रबंध निदेश प्रकाश कोठारी ने बताया कि उत्तराखण्ड भाषा संस्थान द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता 2026 में आयुष नेगी ने इतना बड़ा आकाश विषय पर निबन्ध लेखन में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं प्राची ने स्वरचित कविता लेखन में लौट आई किताबें विषय पर कविता लिखकर राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कहा कि ऐसी उपलब्धियां विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं रचनात्मक क्षमता को प्रदर्शित करने के साथ-साथ अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं।

# एम्स में सुरक्षाकर्मी ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इलाज कराने आयी एक महिला का आईफोन और नकद रूपये लौटाकर संस्थान के सुरक्षाकर्मी ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। पिछले एक वर्ष के दौरान संस्थान के सुरक्षा कर्मी समय-समय पर इस तरह की कई मिसाल पेश कर चुके हैं। जिन्हें विभाग द्वारा विभिन्न अवसरों पर सम्मानित किया जाता रहा है। मनीराम मार्ग ऋषिकेश नगर निवासी एक महिला एम्स की यूरोलॉजी ओपीडी में स्वास्थ्य परामर्श लेने आयी थी। अस्पताल से घर लौटते वक्त महिला शिवानी भटनागर अपना बैग ओपीडी एरिया में ही भूल गयी। ड्यूटी पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड दिलवर सिंह को जब यह लेडिज पर्स मिला तो उनके द्वारा ओपीडी में मौजूद कई लोगों से पर्स के बारे में पूछताछ की गयी। पर्स मालिक का पता न चलने पर उनके द्वारा इसे सिक्योरिटी कंट्रोल रूम में जमा करवा दिया गया। अगले रोज महिला संस्थान के सिक्योरिटी विभाग पंहुची तो उन्होंने अपना पर्स खो जाने की घटना सुरक्षा अधिकारियों को बतायी। जिस बावत आवश्यक पूछताछ और जानकारी लेने के बाद सिक्योरिटी विभाग द्वारा इसे संबन्धित महिला को सकुशल लौटा दिया गया संस्थान के उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी सहायक कमांडेंट अनिल चंद्र ने इस बारे में बताया कि लेडिज पर्स में कीमती आईफोन, तकरीबन 2300 से अधिक नकद रूपये और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। सुरक्षा कर्मी दिलवर सिंह सहित विभाग की ईमानदारी की सराहना करते हुए महिला ने सिक्योरिटी विभाग का आभार व्यक्त किया है।



रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## यूपी विधानसभा चुनाव से पहले यूसीसी की दस्तक

# 2027 में बनेगा बड़ा राजनीतिक मुद्दा

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर राजनीतिक बहस तेज होने लगी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित सभी 21 राज्यों में यूसीसी लागू करने के लक्ष्य के बयान के बाद उत्तर प्रदेश में भी सियासी चर्चा गरमा गई है। यूसीसी का मुद्दा चुनावी विमर्श में आने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव का एक नया क्षेत्र बन सकता है। सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार ने यूसीसी का मसौदा तैयार करने की दिशा में अभी




औपचारिक रूप से कोई कदम नहीं उठाया है। ऐसे में फिलहाल प्रदेश में यूसीसी लागू करने की कोई समय सीमा घोषित नहीं की गई है। भाजपा शासित उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने यूसीसी को लागू किया है, जबकि कुछ अन्य राज्यों में इसके लिए विधायी प्रक्रिया आगे बढ़ी है। भाजपा के एक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, भाजपा के लिए यूसीसी उसके प्रमुख वैचारिक मुद्दों में शामिल रही है। अनुच्छेद 370 और राम मंदिर के बाद समान नागरिक संहिता को पार्टी के प्रमुख लक्ष्यों में गिना जाता रहा है। श्री शाह के हालिया बयान ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर फिर से राजनीतिक चर्चा के केंद्र में ला दिया है। भाजपा सूत्रों का दावा है कि उत्तर प्रदेश में पार्टी में 2027 के चुनाव को लेकर संगठनात्मक गतिविधियां तेज हो चुकी हैं। पार्टी की हालिया बैठकों में चुनावी तैयारी, सरकार के कामकाज और जनसंपर्क अभियानों पर चर्चा हुई है। ऐसे में यूसीसी को लेकर केंद्र से आया संदेश प्रदेश भाजपा के लिए वैचारिक मुद्दे को चुनावी विमर्श से जोड़ने का आधार बन सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो यूसीसी के जरिए उत्तर प्रदेश के चुनावी समीकरण पर क्या प्रभाव पड़ेगा, यह अभी कहना जल्दबाजी होगी। प्रदेश में जातीय समीकरण, रोजगार, महंगाई, किसान, कानून-व्यवस्था और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दे राजनीतिक दलों के एजेंडे में हैं।

# यूपी चुनाव में नये उम्मीदवारों पर दांव लगायेंगी भाजपा व सपा

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और समाजवादी पार्टी (सपा) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। दोनों दलों में उम्मीदवार चयन को लेकर मंथन चल रहा है और राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार बदले राजनीतिक हालात में नये और मजबूत चेहरों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। राजनीतिक जानकार एवं महाराज सिंह कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर योगेश गुप्ता का कहना है कि किसी भी राजनीतिक दल के लिए चुनाव में नये और जिताऊ चेहरों का चयन महत्वपूर्ण हो सकता है। भाजपा जहां सरकार के कामकाज और संगठन के आधार पर चुनावी तैयारी कर रही है, वहीं सपा भी उम्मीदवार चयन और सामाजिक समीकरणों को लेकर सक्रिय है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार भाजपा ने उम्मीदवारों के चयन के लिए विभिन्न स्तरों पर सर्वे कराया है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा के 37 सीटें जीतने के बाद पार्टी का आत्मविश्वास बढ़ा है। आगामी विधानसभा चुनाव में बेरोजगारी, भर्ती परीक्षाओं और पेपर लीक जैसे मुद्दों के साथ सपा का पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) सामाजिक समीकरण भी उसकी रणनीति का हिस्सा है।


**आवश्यकता**

पेट्रोल पम्प के लिए मैनेजर-सह-अकाउंटेंट की आवश्यकता है।
योग्यता- टैली (Tally) सॉफ्टवेयर के साथ-साथ दैनिक लेन-देन की समझ
संपर्क सूत्र- सुगन्ध ऊर्जा केंद्र, HP पेट्रोल पम्प, NH 74 मुस्सेपुर, मंडावली (नजीबाबाद)
मो. 9719021111

धमाका धमाका धमाका
पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में
कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट (दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)
कोई भी Knee Cap (घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)
कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें
हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**
गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
URGENTLY REQUIRED
PGT PHYSICS,ENGLISH,
P.T.I (B.P.ED/M.P.ED.)
TGT All Subjects
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the
Given Number 9412201377
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans, Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर